Weather Report
अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक
# संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्ष: 11 अंक: 141 जयपुर, मंगलवार, 05 नवम्बर 2024 पृष्ठ:8 मूल्य: ‘1.50

अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे

सीजेआई बोले- अर्नब से लेकर जुबैर तक को जमानत दी, यही मेरी फिलॉसफी

## न्यायपालिका की स्वतंत्रता का मतलब सरकार के खिलाफ फैसला सुनाना नहीं

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि किसी मामले का गुण-दोष मीडिया में दिखाए जाने वाले से काफी अलग हो सकता है। मैंने इ से लेकर एक्स (अर्नब गोस्वामी से लेकर जुबैर तक) को जमानत दी है। यही मेरी फिलॉसफी है। जमानत नियम है और जेल अपवाद है, इस सिद्धांत का मुख्य रूप से पालन किया जाना चाहिए। सीजेआई ने सोमवार को आयोजित एक मीडिया हाउस के इवेंट में कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता का मतलब हमेशा सरकार के खिलाफ फैसला सुनाना नहीं होता। लेकिन कुछ प्रेशर ग्रुप इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का यूज करके अदालतों पर दबाव डालकर अपने पक्ष में फैसला सुनाने की कोशिश कर रहे हैं। परंपरागत रूप से न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कार्यपालिका से स्वतंत्रता के रूप में परिभाषित किया जाता था। न्यायपालिका की स्वतंत्रता का मतलब अब भी सरकार से स्वतंत्रता है। लेकिन न्यायपालिका की स्वतंत्रता के मामले में केवल यही बात नहीं है। अदालतों पर दबाव डालते हैं प्रेशर ग्रुप उन्होंने कहा कि हमारा समाज बदल गया है। खासकर सोशल मीडिया के आने से इंटरेस्ट ग्रुप, प्रेशर ग्रुप इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का यूज करके अदालतों पर उनके पक्ष में फैसला लेने के लिए दबाव डालने की कोशिश कर रहे हैं। सीजेआई ने कहा कि अगर जज इन प्रेशर ग्रुप के पक्ष में फैसला देते हैं।



### न्यायाधीश के पास यह निर्णय लेने की स्वतंत्रता होनी चाहिए

तो ये ग्रुप न्यायपालिका को स्वतंत्र कहते हैं। अगर जज ऐसा नहीं करते हैं तो न्यायपालिका स्वतंत्र नहीं हैं। इसी बात पर मेरी आपत्ति है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र होने के लिए एक न्यायाधीश के पास यह निर्णय लेने की स्वतंत्रता होनी चाहिए कि उनका विवेक उन्हें क्या बताता है। निश्चित तौर पर ये विवेक कानून और संविधान द्वारा निर्देशित होता है। जजों को फैसले की छूट दी जानी चाहिए चंद्रचूड़ ने कहा कि मुझे स्वतंत्र तब कहा गया जब मैंने सरकार के खिलाफ फैसला सुनाया और चुनावी बॉन्ड को रद्द कर दिया। उन्होंने कहा कि जब आप चुनावी बॉन्ड पर फैसला करते हैं, तो आप बहुत स्वतंत्र होते हैं, लेकिन अगर सरकार के पक्ष में फैसला आता है, तो आप स्वतंत्र नहीं हैं। ये स्वतंत्रता की मेरी परिभाषा नहीं है। न्यायाधीशों को मामलों पर फैसला करने की छूट दी जानी चाहिए। किसी मामले का गुण-दोष मीडिया में दिखाए जाने से अलग कार्यक्रम में सीजेआई से दिल्ली दंगों मामले में जेल में बंद जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई में देरी को लेकर सवाल किया गया।

### मैंने जमानत के मामलों को प्राथमिकता दी

उन्होंने कहा कि सीजेआई का पद संभालने के बाद मैंने जमानत के मामलों को प्राथमिकता देने का फैसला किया, क्योंकि ये व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़ा मामला है। ये तय किया गया कि सुप्रीम कोर्ट की हर बेंच को कम से कम 10 जमानत के मामलों की सुनवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 9 नवंबर 2022 से 1 नवंबर 2024 के बीच सुप्रीम कोर्ट में 21 हजार जमानत के मामले दायर किए गए। इस अवधि के दौरान 21358 जमानत के मामलों का निपटारा किया गया। इसी दौरान मनी लॉन्ड्रिंग 967 मामलों में से 901 का निपटारा किया गया। हाल के महीनों में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े एक दर्जन पॉलिटिकल केस में जमानत दी गई है। सीजेआई ने जवाब में कहा- किसी मामले का गुण-दोष मीडिया में दिखाए जाने से काफी अलग हो सकता है। उन्होंने कहा कि अक्सर मीडिया में किसी मामले के एक खास पहलू या माहौल को पेश किया जाता है। जब कोई न्यायाधीश किसी मामले के रिकॉर्ड पर ध्यान देता है, तो जो सामने आता है वह उस विशेष मामले के गुण-दोष के आधार पर मीडिया में दिखाए से काफी अलग हो सकता है। न्यायाधीश संबंधित मामलों पर ध्यान देता है और फिर मामले का फैसला करता है। सीजेआई ने कहा- एक जज किसी मामले की सुनवाई करते समय अपने दिमाग का इस्तेमाल करता है। और बिना किसी पक्षपात के उसके गुण-दोष के आधार पर फैसला करता है।

आगरा में एयरफोर्स का मिग-29 विमान क्रैश

## ग्वालियर से उड़ान भरी, गिरते ही आग लगी, पायलट इजेक्ट हुआ

■ संजीवनी टुडे

आगरा। आगरा में सोमवार को एयरफोर्स का मिग-29 एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया। पलक झपकते ही विमान खेत में जा गिरा, जिसके बाद उसमें आग लग गई। हादसा शाम करीब 4 बजे हुआ। जमीन पर फाइटर प्लेन गिरने के साथ ही विस्फोट भी होने लगे। हादसे के वक्त इसमें एक पायलट मनीष मिश्रा थे। वह आग लगने से चंद सेकेंड पहले ही पैराशूट की मदद से (इजेक्ट सिस्टम) फाइटर प्लेन से कूद गए। खेत में उतरे पायलट को गांव वालों ने चारपाई पर बैठाया और उनका हालचाल लिया। एयरफोर्स ने हादसे की कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दिए हैं। पंजाब के आदमपुर का यह फाइटर प्लेन पहले ग्वालियर में लैंड हुआ। फिर ग्वालियर से उड़ान भरकर रूटीन एक्सरसाइज के लिए आगरा आ रहा था। ग्रामीणों ने हादसे के तुरंत बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर फायर ब्रिगेड पहुंची और आग पर काबू पाया। एयरफोर्स के अफसर, डीएम और पुलिस फोर्स भी मौके पर पहुंची। इस पूरी घटना से जुड़े कई वीडियो भी सामने आए हैं। पायलट मनीष मिश्रा को गांव वालों ने चारपाई पर बैठाया और उनका हालचाल लिया। वीडियो में दिख रहा है कि फाइटर प्लेन



तेजी से खेतों में जा गिरा। तब गांव के लोग भी उधर की तरफ दौड़ पड़े। वे लोग बचाव के लिए चिल्ला रहे थे। इसी दौरान प्लेन में विस्फोट होने लगे। गांव के लोग भागो-भागो चिल्लाते हुए भागने लगे। हालांकि कुछ देर बाद ही मौके पर गांव वालों की भीड़ लग गई। उधर, आग लगने के बाद पायलट मनीष मिश्रा ने फाइटर प्लेन को बचाने की बहुत कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। इसके बाद वह इजेक्ट सिस्टम से फाइटर प्लेन से कूद गए। पायलट फाइटर प्लेन गिरने की जगह से करीब 2 खख्र दूर जाकर गिरे। गांव वालों ने उन्हें धीरज दिलाया और चारपाई पर बैठाया। इसके बाद पायलट को मेडिकल चेकअप के लिए मिलिट्री हॉस्पिटल ले जाया गया। प्लेन क्रैश के बाद खेतों में करीब 1 खख्र के दायरे में प्लेन के पार्ट फैले दिखे।

डोटासरा बोले- सरकार में पोपाबाई का राज

## जगमोहन-किरोड़ी परिवारवाद के बहुत बड़े उदाहरण, बीजेपी को जीरो सीट मिलेगी

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने उपचुनावों में बीजेपी को जीरो सीट मिलने का दावा किया है। डोटासरा ने कहा- मैं फिर कह रहा हूं भाजपा जीरो पर आएगी और उनके दावे धरे रह जाएंगे। इस सरकार में तो पोपाबाई का राज है, इस सरकार को तो चलाने वाला कोई नहीं है, यह तो अपने आप ही चल रही है। लैपर्ड 9-10 लेगों को मार रहा है, लोग पत्थरों से टाइगर को मार रहे हैं, कोई पूछने वाला नहीं है, कोई धणी धोरी नहीं है। डोटासरा सोमवार शाम जयपुर कांग्रेस वॉर रूम में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। डोटासरा ने डॉ किरोड़ीलाल मीणा पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस तो पहले भी सियासी परिवारों को टिकट देती रही है, बीजेपी परिवारों को टिकट नहीं देने की बातें किया करती थी। अब बीजेपी में देखिए,जगमोहन मीणा परिवारवाद के बहुत बड़े और बहुत मोटे उदाहरण हैं। भतीजा, चाचा, और डॉक्टर साहब किरोड़ी सब लड़ रहे हैं। डोटासरा ने कहा - किरोड़ी ने पिछले दिनों कहा था कि उनका और बेढम का प्रमोशन होगा, कैबिनेट मंत्री का प्रमोशन तो मुख्यमंत्री बनने पर ही होता है। उनके बयान से समझ आता है कि वे अब भी उसी काम में लगे हैं जिसमें पहले लगे थे। डोटासरा ने कहा- बीजेपी ने संकल्प पत्र में लिखा था कि



वह बाजरे की खरीद समर्थन मूल्य पर करेगी। विधानसभा के रिप्लाई में भी मुख्यमंत्री ने कहा था संकल्प पत्र में हमने बाजरे की खरीद की बात कही उसे पूरा करेंगे। हरियाणा में बाजरे के खरीद हो रही है। डोटासरा ने कहा- सरकार हर साल एक लाख नौकरी का वादा कर रही है, शिक्षा विभाग में अब भी 1 लाख 10 हजार पद खाली पड़े है। मेरे शिक्षा मंत्री से हटने के बाद भर्ती ही नहीं हुई। एक साल से शिक्षा विभाग में किसी भी वर्ग की पदोन्नति नहीं हो रही है ना ही डीपीसी हो रही है। ग्रेड थर्ड शिक्षक भर्ती में 50 प्रतिशत महिला आरक्षण की सरकार ने घोषणा कर दी लेकिन नियमों में संशोधन ही नहीं किया। डोटासरा ने कहा- मुख्यमंत्री को अब शिलान्यास, उद्घाटन करने का नया चस्का लगा है।

### किसानों को 4 घंटे भी बिजली नहीं मिल रही

डोटासरा ने कहा- वसुंधरा राजे और कांग्रेस के राज में किसानों को रबी की फसल के लिए कम से कम 6 घंटे बिजली मिल रही थी, अब वह बिजली चार घंटे रह गई है। मंत्री बार-बार कह रहे हैं कि कांग्रेस शासन में जो बिजली देनी पड़ रही है उसके कारण यह हुआ है,अब वो बिजली वापस दी जा चुकी है तो बिजली क्यों नहीं मिल रही। हमारी सरकार के समय तो मजबूरी में कोरोना के कारण जो वर्चुअल शिलान्यास और उद्घाटन किए थे, अब मुख्यमंत्री सभी जगह से शिलान्यास,उद्घाटन वाले कामोंकी लिस्ट मंगवा रहें हैं।

कोलकाता रेप-मर्डर केस, 87 दिन बाद आरोप तय

## आरोपी संजय बोला- ममता सरकार मुझे फंसा रही, मुझे मुंह बंद रखने को कहा

■ संजीवनी टुडे

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की सियालदह कोर्ट ने कोलकाता के आरजी कर कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस के मुख्य आरोपी संजय रॉय के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। 11 नवंबर से मुकदमे की रोजाना सुनवाई होगी। सोमवार को पेशी के बाद पुलिस जब संजय को बाहर लेकर निकली तो पहली बार वह कैमरे पर कहता नजर आया कि ममता सरकार उसे फंसा रही है। उसे मुंह न खोलने की धमकी दी गई है। आरजी कर अस्पताल में 8 अगस्त की रात ट्रेनी डॉक्टर का रेप और मर्डर किया गया था। 9 अगस्त को विक्टिम की बॉडी मिली थी। घटना के विरोध में डॉक्टरों ने 42 दिन तक प्रदर्शन किया था। सीबीआई ने चार्जशीट में आरोपी माना सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने अपनी चार्जशीट में संजय रॉय को मुख्य आरोपी बताया है। इसके अलावा केस को गैंगरेप की बजाय रेप केस बताया है। चार्जशीट में यह भी कहा गया है कि पीड़ित के शरीर से मिला सीमन सैंपल और खून आरोपी से मैच हो चुका है। वहीं क्राइम सीन पर मिले छोटे बाल भी फोरेंसिक जांच के बाद आरोपी के बालों से मैच हो गए हैं। सीबीआई की चार्जशीट में 100 गवाहों के बयान, 12 पॉलीग्राफ टेस्ट की रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज, फोरेंसिक रिपोर्ट, मोबाइल की कॉल डिटेल और लोकेशन जैसी चीजें शामिल हैं।



### आरोपी का इयरफोन और मोबाइल ब्लूटूथ से कनेक्ट हो गया

इसके अलावा वारदात के दिन आरोपी का इयरफोन और मोबाइल ब्लूटूथ से कनेक्ट हो गया था। इसे भी चार्जशीट में अहम सबूत माना गया है। सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है मामला गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस केस में एक्शन लेते हुए डॉक्टरों की सुरक्षा बढ़ाने और वर्कप्लेस पर बेहतर स्थिति के निर्देश दिए थे। कलकत्ता हाईकोर्ट ने केस की जांच कोलकाता पुलिस से लेकर एउत्रकको सौंप दी थी। सीबीआई ने संजय रॉय को इस केस का एकमात्र आरोपी पाया है। हालांकि मामले में शामिल होने के आरोप में पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को भी गिरफ्तार किया गया है। जगह- कोलकाता का आरजी कर हॉस्पिटल। तारीख 21 अक्टूबर। रात का वक्त था। हॉस्पिटल से कुछ दूर एक टेंट लगा है। यहां मौजूद लोग नारे लगा रहे थे। एक तरफ 8 डॉक्टर लेटे थे। वे बीते 16 दिन से भूख हड़ताल पर थे। अनशन 14 डॉक्टरों ने शुरू किया था, लेकिन 6 डॉक्टर हालत बिगड़ने की वजह से हॉस्पिटल में हैं। उनका इलाज क्रिटिकल केयर यूनिट में चल रहा है।

## प्रदेश में 48,593 चतुर्थ-श्रेणी कर्मचारी, 3,170 ड्राइवर की होगी भर्ती

■ संजीवनी टुडे

### दिसम्बर में तीसरे मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का होगा आयोजन, हज़ारों युवाओं को मिलेंगे नियुक्ति पत्र

जयपुर। प्रदेश में जल्द ही 48,593 चतुर्थ श्रेणी एवं समकक्ष पदों और 3,170 ड्राइवर के पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। कैबिनेट से इन भर्ती प्रक्रियाओं को मंजूरी पहले ही मिल चुकी है। अब जल्द इन पदों के लिए विज्ञप्ति जारी होगी। सीएम भजनलाल शर्मा ने इन पदों की विज्ञप्ति जारी करने के निर्देश आज सीएमओ में आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने स्थानीय निकाय विभाग को सफाईकर्मियों की भर्ती के



लिए आवेदन प्रक्रिया को जल्द निस्तारित करते हुए इसे पारदर्शिता के साथ पूरा करने के लिए भी कहा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज सीएमओ में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव की तैयारियों के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक ले रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में नियमित रूप से मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव आयोजित किया जा रहे हैं। पिछले दो रोजगार उत्सवों में सरकार ने 28, 200 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए हैं। वहीं अब दिसंबर माह में प्रस्तावित तीसरे मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में भी हजारों युवाओं को नियुक्तियां दी जाएगी। इस मौके पर सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने के संकल्प पत्र के वादे को पूरा करने के लिए पारदर्शी और समयबद्ध भर्ती परीक्षाओं का आयोजन भी सुनिश्चित कर रही है। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न विभाग मार्च 2025 में रिक्त होने वाले पदों के अनुरूप भर्ती की अनुशंसा भिजवाएं। जिससे ज्यादा से ज्यादा पदों पर भर्ती हो सके और युवाओं को रोजगार मिल सके। मुख्यमंत्री ने साफ किया कि इस कार्य में कोताही बरतने पर संबंधित विभाग के अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

विपक्षी सांसदों की वक्फ जेपीसी से हटने की चेतावनी

## आज लोकसभा स्पीकर से मिलेंगे, समिति अध्यक्ष जगदम्बिका पाल पर एकतरफा फैसले लेने का आरोप

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। वक्फ (संशोधन) बिल पर बनी संसदीय समिति के अध्यक्ष भाजपा सांसद जगदंबिका पाल पर विपक्षी सांसदों ने तानाशाही के आरोप लगाए हैं। साथ ही सांसदों ने समिति से अलग होने की चेतावनी दी है। उनका आरोप है कि पाल बिना विपक्ष की राय लिए एकतरफा निर्णय ले रहे हैं, जिससे विपक्षी सांसदों को बिल पर अपनी बात रखने का उचित अवसर नहीं मिल पा रहा है। सूत्रों के मुताबिक विपक्षी सांसद आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिलकर इस मुद्दे पर अपनी नाराजगी व्यक्त करेंगे। विपक्षी नेताओं ने बिरला को एक संयुक्त पत्र लिखा है जिसमें डीएमके के ए राजा, कांग्रेस के मोहम्मद जावेद और इमरान मसूद, असदुद्दीन ओवैसी, इइघ्के संजय सिंह और टीएमसी के कल्याण बनर्जी सहित कई नेताओं के हस्ताक्षर शामिल हैं। बैठकों में एकतरफा निर्णय लेने का आरोप पत्र में विपक्षी सांसदों ने शिकायत की है कि पाल कई बार लगातार 3 दिनों तक बैठकों की तारीखें तय करते हैं और गवाहों को बुलाने का निर्णय भी एकतरफा ले रहे हैं। उनका कहना है कि बिना तैयारी के सांसदों के लिए उचित बातचीत करना संभव नहीं है।

### 22 अगस्त, पहली बैठक

कमेटी चेयरपर्सन बोले- सबकी बात सुनी जाएगी 22 अगस्त को 31 सदस्यीय जेपीसी की पहली बैठक हुई थी। इसमें कमेटी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा था कि बिल पर विचार करने के दौरान सभी 44 अमेंडमेंट्स पर चर्चा होगी। सबकी बात सुनी जाएगी। अल्पसंख्यक मामलों और कानून मंत्रालय के अधिकारी ने कमेटी को ड्राफ्ट कानून में जो बदलाव के बारे में बताया। विपक्षी सांसदों ने वॉक आउट किया दूसरी बैठक में



विपक्षी सदस्यों ने कुछ देर के लिए बैठक से वॉक आउट किया। यह बैठक करीब 8 घंटे चली। बैठक में ऑल इंडिया सुन्नी जमीयतुल उलेमा और इंडियन मुस्लिम्स फॉर सिविल राइट्स, राजस्थान मुस्लिम वक्फ, दिल्ली और ठघ सुन्नी वक्फ बोर्ड के विचारों को सुना गया। वहीं, भाजपा सांसदों ने आरोप लगाया है कि विपक्षी सदस्य जानबूझकर समिति के काम में अड़चन डाल रहे हैं। विपक्ष ने कहा- मंत्रालय ने जानकारी छिपाई तीसरी बैठक में मंत्रालयों के अधिकारियों ने वक्फ बिल पर प्रेजेंटेशन दिया। इस दौरान अधिकारियों की विपक्षी सांसदों से तीखी बहस हुई। विपक्षी सांसदों ने आरोप लगाया कि प्रेजेंटेशन के दौरान सरकारी अधिकारी बिल पर पूरी जानकारी नहीं दे रहे थे। सबसे ज्यादा विरोध आप सांसद संजय सिंह और टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने किया। एएसआई ने पुराने कानून पर आपत्ति की बैठक में आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की टीम भी शामिल हुई। टीम ने प्रेजेंटेशन के जरिए बताया कि नया संशोधन बिल पुराने स्मारकों को संरक्षित रखने के लिए भी जरूरी है।

यूपी, पंजाब, केरल में उपचुनाव की तारीख बदली

## 14 सीटों पर अब 13 की जगह 20 नवंबर को वोटिंग, त्योहारों की वजह से शेड्यूल बदला

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश, पंजाब और केरल में होने वाले विधानसभा उपचुनाव की तारीख बदल गई है। चुनाव आयोग ने सोमवार को बताया कि तीनों राज्यों की 14 विधानसभा सीटों पर अब 13 नवंबर की जगह 20 नवंबर को वोटिंग होगी। रिजल्ट 23 नवंबर को ही आएंगे। चुनाव आयोग के मुताबिक उत्तर प्रदेश की 9, पंजाब की 4 और केरल की 1 विधानसभा सीटों पर अब 20 नवंबर को वोटिंग होगी। तारीखों में बदलाव भाजपा, कांग्रेस, टख्रकऔर बसपा की मांग पर की गई है। इन पार्टियों का कहना था कि 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा और गुरुनानक देवजी का प्रकाश पर्व है। वहीं, केरल में 13 से 15 नवंबर तक कलपाथि रास्थोलसेवम मनाया जाएगा। इससे वोटिंग पर असर पड़ता। 20 नवंबर को ही महाराष्ट्र विधानसभा की 288 और झारखंड की 38 सीटों पर चुनाव होंगे। इसके अलावा महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा और उत्तराखंड की केदारनाथ विधानसभा सीट पर इसी दिन उपचुनाव है। 11 राज्यों की 33 सीटों पर तारीख में बदलाव नहीं चुनाव आयोग के आज की घोषणा में 11 राज्यों की 33 सीटों पर तारीख में बदलाव नहीं किया गया है। यानी यहां 13 नवंबर को ही वोटिंग होगी। इसी दिन झारखंड विधानसभा की 43 सीटों पर मतदान होंगे। इसके साथ ही केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर भी उपचुनाव होंगे। चुनाव आयोग ने 15 अक्टूबर को महाराष्ट्र-झारखंड के साथ 14 राज्यों की 48 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों की घोषणा की थी। 42 सांसद बने, 3 का निधन 48 विधानसभा सीटों में से 42 के विधायक सांसद बने हैं। इनमें सबसे ज्यादा कांग्रेस के 11, भाजपा के 9, सपा- टीएमसी के 5-5 और अन्य दलों के 12 विधायक शामिल हैं। बाकी 6 में से तीन सीटें निधन से खाली हुईं।

सुप्रीम कोर्ट का सवाल- दिल्ली में पटाखे क्यों चले

## सरकार-पुलिस एक हफ्ते में बताए- बैन क्यों नहीं रहा, अगली दिवाली के लिए क्या प्लान

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली के दौरान दिल्ली में कोर्ट के आदेश का उल्लंघन होने पर दिल्ली सरकार और पुलिस को फटकार लगाई है। कोर्ट ने सुओ-मोटो एक्शन लेते हुए कहा कि राज्य में पटाखों पर बैन का मुश्किल से ही पालन हो सका। कोर्ट ने कहा कि कुछ ऐसा करना होगा ताकि अगले साल दिवाली के दौरान पटाखों पर प्रतिबंध के आदेशों का उल्लंघन न हो। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए कहा कि बैन का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कैंपस सील करने जैसी सख्त कार्रवाई की जरूरत है। इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार और पुलिस आयुक्त से पटाखों पर प्रतिबंध लागू करने के लिए उठाए गए कदमों पर एक हफ्ते में जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 14 नवंबर को होगी। पराली पर पंजाब-हरियाणा से भी मांगा जवाब सुनवाई के दौरान एमिकस क्यूरी ने बताया कि दिवाली के समय खेतों में आग लगने की घटनाएं बहुत ज्यादा होती हैं।

### प्रदूषण 30 प्रतिशत हो गया



दिवाली से एक दिन पहले 160 खेतों में आग लगी थी, जबकि दिवाली के दिन यह संख्या 605 हो गई। प्रदूषण का प्रतिशत 10 से बढ़कर लगभग 30 हो गया था। बेंच ने पंजाब और हरियाणा सरकारों से अक्टूबर के आखिरी 10 दिनों के दौरान खेतों में आग लगने और पराली जलाने की घटनाएं बढ़ने पर 14 नवंबर तक अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार हलफनामा दाखिल करते समय यह भी बताएगी कि क्या राज्य की सीमा के भीतर खेतों में आग लगने की घटनाएं हुई हैं। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री बोले- हवा की कम स्पीड प्रदूषण के लिए जिम्मेदार इधर, सोमवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि हवा की कम गति के कारण दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। राय ने कहा, ''तापमान में गिरावट के साथ, शहर में हवा का दबाव कम है, जिसके कारण प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। सरकार इस पर सक्रिय रूप से काम कर रही है। प्रदूषण की समस्या को कम करने के लिए कृत्रिम बारिश के इस्तेमाल के बारे में केंद्र एक बैठक बुलाएगा।

## खबरें फटाफट

### विधानसभा उपचुनाव सलूम्बर मतदाता पर्चियों व पोस्टर बैनर का वितरण



■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। विधानसभा सलूम्बर-156 के अंतर्गत निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पर्वत सिंह चुण्डावत, स्वीप प्रभारी दिनेश चंद्र पाटीदार के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय उदयपुर से प्राप्त मतदाता पर्चियों एवं बैनर-पोस्टर का एईआरओ सराडा, जयसमंद एवं सलूम्बर गींगला के सुपरवाईजर को स्वीप प्रकोष्ठ से वितरण किया गया। विधानसभा क्षेत्र में सभी बीएलओ द्वारा मतदाता को सुगम मतदान हेतु मतदाता पर्चियों का वितरण घर घर जाकर किया जा रहा है। साथ ही सभी मतदान केन्द्रों के क्षेत्रों में बैनर एवं पोस्टर लगाकर मतदान दिवस व मतदाता उपयोगी जागकारी से अवगत कराया जा रहा है। यह जानकारी स्वीप प्रभारी एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी सलूम्बर दिनेश चंद्र पाटीदार ने दी।

### रिटर्निंग अधिकारी पर्वत सिंह चुंडावत ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए



■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। विधानसभा उपचुनाव के तहत रिटर्निंग अधिकारी पर्वत सिंह चुंडावत सोमवार को सलूंबर विधानसभा क्षेत्र के केवड़ा, ओडा, पलोदडा एवं अमरपुरा क्षेत्र में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को मतदान के दौरान सारी व्यवस्थाएं चाकऽचौबंद रखने के लिए निर्देशित किया एवं व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की ओर मतदान केंद्रों पर पेयजल ,विद्युत,चारदीवारी, खिड़कियों,रैंप सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में वहां के कर्मचारियों से जानकारी ली। इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी पर्वत सिंह चुंडावत ने बताया कि विधानसभा उपचुनाव में मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर किसी भी प्रकार की सुविधा का सामना न करना पड़े यही उनकी प्राथमिकता है। इस दौरान विजेन्द्र सिंह गहलोत, बीएलओ सहित अन्य उपस्थित रहे।

### ताइवान में मुख्य प्रवक्ता होंगे ललित राज मीना

■ संजीवनी टुडे



राजगढ़ । अलवर जिले के सकट निवासी ललित राज मीना राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय सामग्री प्रबंध संस्थान मुंबई को ताइवान सरकार द्वारा भारत में सस्टेनेबल सप्लाई चैन, सन्दर्भ में 7 नवंबर 20 24 को मुख्य प्रवक्ता के रूप में आमंत्रित किया है। ललित राज मीना 5 नवंबर 2024 को ताइवान के लिए प्रस्थान कर रहे है। यात्रा के लिए हवाई टिकट एवं ठहरने का खर्च ताइवान सरकार द्वारा दिया जाएगा।

### कुंभलगढ़ महोत्सव के आयोजन को लेकर बैठक का होगा आयोजन

■ संजीवनी टुडे

राजसमंद। कुंभलगढ़ महोत्सव 1 से 3 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा जिसके सफल आयोजन और तैयारियों के संबंध में एक बैठक 9 नवंबर को आयोजित की जाएगी। यह बैठक प्रातः 11:00 बजे जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में तहसील कार्यालय कुंभलगढ़ के सभा कक्ष में होगी। उप निदेशक (पर्यटन) शिखा सक्सेना ने बताया कि बैठक में कुंभलगढ़ महोत्सव के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं, जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की जाएगी। महोत्सव से संबंधित सभी संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। कुंभलगढ़ महोत्सव राजसमंद जिले का एक प्रमुख सांस्कृतिक आयोजन है, जो न केवल स्थानीय संस्कृति को संजोता है बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा देने का कार्य करता है। सभी संबंधित हितधारकों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस महोत्सव को सफल बनाने हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे।

# सलूम्बर विधानसभा उपचुनाव 2024: घर बैठे मतदान कर दिखाई लोकतंत्र के प्रति आस्था

## होम वोटिंग का प्रथम चरण प्रारंभ, सामान्य प्रेक्षक ने किया निरीक्षण

■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। सलूम्बर विधानसभा उपचुनाव-2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सोमवार से होम वोटिंग का प्रथम चरण प्रारंभ हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में होम वोटिंग टीमों ने बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के घर-घर पहुंच कर मत की गोपनीयता का पूर्ण ध्यान रखते हुए उनसे मतदान कराया। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक जे विजयारानी ने होम वोटिंग प्रक्रिया का निरीक्षण किया। घर बैठे मतदान का अवसर पाकर मतदाताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए निर्वाचन आयोग तथा जिला प्रशासन की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। रिटर्निंग अधिकारी सलूम्बर पर्वतसिंह चुण्डावत ने बताया कि प्रथम दिन 66 वरिष्ठ नागरिक तथा 14 दिव्यांगजन सहित कुल 80 मतदाताओं की होम वोटिंग के लक्ष्य के मुकाबले क्रमशः 65 वरिष्ठ नागरिकों और 14 दिव्यांग सहित कुल 79 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस प्रकार प्रथम दिन 98.75 प्रतिशत मतदान हुआ। सामान्य प्रेक्षक जे विजयारानी ने सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर होम वोटिंग प्रक्रिया का निरीक्षण किया। उदयपुर जिला मुख्यालय पर जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अरविंद पोसवाल के निर्देशन में होम वोटिंग के लिए गठित दलों का प्रशिक्षण हुआ। उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपेंद्रसिंह राठौड़ की उपस्थिति में हुए प्रशिक्षण में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. महामाया प्रसाद चौबीसा ने टीमों को भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन, होम वोटिंग के लिए अपेक्षित सावधानियां, मत की गोपनीयता, मतदान पूर्व व मतदान पश्चात की रिपोर्टिंग



आदि के संबंध में प्रशिक्षण दिया। दल में एक एमओ, एक पीआरओ, एक पीओ-प्रथम, एक पुलिसकर्मी व एक वीडियोग्राफर शामिल रहे। प्रशिक्षण के उपरान्त दलों ने आवंटित क्षेत्रों के लिए प्रस्थान किया। होम वोटिंग का प्रथम चरण सोमवार से प्रारंभ हुआ। प्रथम चरण में अनुपस्थित पाए गए मतदाताओं को 9 एवं 10 नवम्बर को होने वाले द्वितीय चरण में अवसर दिया जाएगा। दोनों ही चरणों में अनुपस्थित रहने वाले मतदाताओं को मतदान का अवसर नहीं मिलेगा। वे मतदाता बूथ पर जाकर भी अपने मताधिकार का उपयोग नहीं कर पाएंगे। विधानसभा क्षेत्र सलूम्बर में होम वोटिंग के अंतर्गत कुल 683 मतदाता वोटिंग करेंगे जिनमें 85क्त श्रेणी के 588 मतदाता एवं निशक्तजन (40 प्रतिशत से अधिक) श्रेणी के 95 मतदाता डाक मतपत्र के माध्यम से होम वोटिंग करेंगे। प्रथम दिन टीमों ने बेहुती, उदयपुरिया जागीर, वेजपुर, निम्बोदा, सगतडा, बडावली, लोदा, डाल, नामचोत डाल, सेरिया कन्तोडा, बडगाँव, करेली, करावली, सलूम्बर, खोडाव व अगाटिया में घर-घर जाकर चिन्हित मतदाताओं से मतदान कराया। मंगलवार 5 नवंबर को टीमें सिंघटवाडा, डेकली, चावंड, अम्बाला, मायर, सगतडा, बडावली, गुडेल, बरोडा, बांरा, नोली, थडा, सेरिया, अदवास, कड़ीमंगरी, सल्लाडा, माकडसीमा, खेतावतपुरा, बडगांव, बाणा खुर्द में होम वोटिंग कराएंगी। 6 नवम्बर को नेवातलाई, कोटडी, पाडला, खोडी मऊडी, झालरदेवी, नाल हल्कार, सराडा, पाल सराडा, केजड, नीमच चंदोडा, सगतपुर, ओडा (रठोड़ा), रठोड़ा, कोटा, कांट, रतनपुरा, भानपुर, धारोद, दुदर, डांगीवाडा मेथुड़ी, पादरडा, श्यामपुरा (गातोड), वीरपुरा, दवाणा, जूनीझर, जावद, खरका, पानी कोटडा, सराडी, सिंघावली, ओरवाडिया, कानपुरा, अदकालिया, लकीपा, सलूम्बर, सीपुर ढानी व सीपुर मल्लाडा 7 को झाडोल, ढानी मेलाना, परसाद, डेलवास, सेपुर, नावडा, सुरखंड खेडा, देवली, एमनिया पाडला, इंटाली खेडा, बस्सी झुन्झावत, बस्सी जोयरा, खेराड, गातोड, अमरपुरा, धावडिया, जवारडा, नयी झर, वेळवडी, पाराई सलुम्बर, गावड़ापाल, इसरवास, डईला, जैतपुरा व इडाणा और 8 नवम्बर को बलुआ, बेडा बलुआ, सेपुर, हीकावाडा, अमलोदा, नौखली, समोड़ा, बंजारों का टांडा, जवारडा, गींगला, मोकातफला, करमातालाब, डिंगरी, मगरा थोरी, सेमाल, भारिया, खरबर, हामीतड, गावड़ापाल, उपलाफला एवं मैथुड़ी में मतदान दल पहुंचकर पात्र मतदाताओं को होम वोटिंग से मतदान करवाएंगे।

## गैंगरेप की सजा काटकर आए युवक की हत्या

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। फलासिया थाना क्षेत्र में गैंगरेप की सजा काटकर आए एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इसके बाद मृतक के परिजनों, रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने आरोपी के घर पर चढ़ोतरा बोल दिया। यानी हमला कर तोड़फोड़ और पत्थरबाजी कर दी। मामला फलासिया के भामटी गांव का है। थानाधिकारी सीताराम ने बताया कि गैंगरेप मामले में 10 साल की सजा काटने के बाद युवक थावरा चंद भगोरा गांव पहुंचा। दीवाली की रात को वह अपने ननिहाल पहुंचा। जहां मामा से उसका विवाद हो गया। विवाद में हाथापाई हुई



और मामा ने थावरा पर चाकू से वार कर दिया। जिससे थावरा की मौत हो गई। मौत के बाद थावरा के परिजन और ग्रामीण मौताणे की मांग पर बैठ गए। मौताणे देने से मना किया तो मृतक के परिजन और ग्रामीणों ने आरोपी के घर धावा बोलकर तोड़फोड़ और आगजनी कर दी। तनाव का माहौल हो गया। थानाधिकारी ने बताया कि माहौल गर्माता देख तीन थानों का जाब्ता लगाया गया। फिलहाल स्थिति सामान्य है और हत्या के आरोपी को डिटेन कर लिया है। साथ ही तोड़फोड़ व आगजनी करने वाले करीब 40 नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। वीडियो और फोटो के आधार पर शिनाख्त करते हुए पुलिस कार्रवाई में जुटी है। थानाधिकारी ने बताया कि मामले में मौताणा नहीं होने दिया।

## दिवाली पर रोशन हुई कच्ची बस्तियां, 50 जरूरतमंद परिवारों में बांटी खुशियां

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। हमारी आपकी दीपावली तभी सार्थक है, जब दीपावली पर कोई घर अंधेरे में न रहे।उदयपुर के पास बडगांव में कच्ची बस्तियों में विधाता फाउंडेशन उदयपुर ने 50 परिवारों के साथ पर्व की खुशियां बांटी।पहली बार इनके 50 मकानों पर लाइटिंग कराकर गली व आंगन को रोशन भी किया। विधाता फाउंडेशन संस्थापक हरीश रावल ने बताया कि रोशनी का पर्व दीपावली हमारी दहलीज पर हैं। विधाता फाउंडेशन सार्थक दीपावली की पहल कर रहा है और इस पहल में विधाता फाउण्डेशन उदयपुर से भावना जादव ने हर जरूरतमंद की दीपावली सार्थक रहेइसके लिए दीपावली पर हर घर में रहे रोशनी और कोई घर न रहे अंधेरे में, इसके लिए गरीबों को दीपावली किट बांटने के अलग-अलग कार्यक्रम किए गए। विधाता फाउंडेशन ने जरूरतमंद परिवारों के साथ 50 जरूरतमंद घरों में दीपावली किट बांटते हुए घरों में रोशनी के लिए लाइटिंग करवाई, साथ ही किट में लक्ष्मी गणेशजी, पूजन के लिए मिठाई, दीपक, तेल, माचिस, रूई, खील बतासे, व रंगोली रखी गई। इसके साथ ही उदयपुर के बडगांव में



जरूरतमंद परिवारों को मिठाई, खाद्य सामग्री, चप्पल , बच्चो के कपड़े और कम्बल बांटे गए । भावना जादव ने बताया कि दीपावली रोशनी का त्योहार है, जहां गली-मोहल्ले से लेकर घर-आंगन रोशन रहते हैं। कुछ घर ऐसे होते है, जहां दीपों की रोशनी नहीं पहुंचती और दीपावली की रौनक फीकी लगने लगती हैं। ऐसे जरूरतमंद गरीब परिवारों की मदद करने और उनकी अंधेरी दुनिया को रोशन करने के लिए पिछले कई वर्षों से यह पहल कर रहे है ताकि जरूरतमंदों को दीपावली पर खुशियों का तोहफा दे सकें। बडगांव के कच्ची बस्तियों में करीब 50 से अधिक गरीब परिवारों के लोगो में मिठाई व उपहार बांट कर खुशियां बांटी। इस शुभ अवसर पर विधाता फाउण्डेशन के संस्थापक हरीश रावल,प्रफुल रावल,हितेश रावल, युवराज सिंह,जिगर भाई,भावना जादव,चेन सिंह और ऊषा कोहली आदि उपस्थित रहे ।

## रोडवेज में गूंजी किलकारीः महिला ने बच्चे को दिया जन्म, चालक बस को लेकर अस्पताल पहुंचा

■ संजीवनी टुडे

झालावाड़।झालावाड़ जिले के अकलेरा उपखंड क्षेत्र के बांसखेड़ी मेवातियान निवासी महिला की सोमवार को रोडवेज बस में डिलेवरी हो गई। महिला ने बच्चे को जन्म दिया है। दोनों स्वस्थ हैं। प्रसूता की मां मांगीबाई ने बताया कि बांसखेड़ी मेवातियान निवासी उसकी बेटी इंदिरा बाई (25) पति राजू भील को प्रसव के लिए अकलेरा ले जा रहे थे। सोमवार सुबह छान गांव से रोडवेज बस में बैठे। इस दौरान सरेड़ी व ल्हास गांव के बीच इंदिरा को प्रसव पीड़ा होने लगी। ऐसे में बस की महिला यात्रियों की मदद से रोडवेज बस में ही डिलेवरी कराई गई। इंदिरा ने लड़के जन्म दिया है। रोडवेज बस के चालक जगदीश मीना व परिचालक इम्तियाज खान ने बताया कि महिला यात्रियों ने सुरक्षित प्रसव कराया। बाद में जच्चा व बच्चा को बस से लेकर अस्पताल पहुंचे और भर्ती कराया। चालक व परिचालक के इस कार्य की सभी ने प्रशंसा की। सीएचसी के कंपाउंडर प्रवीण मीना ने बताया कि सुबह साढ़े 9 बजे मनोहरथाना से कोटा जाने वाली रोडवेज बस जच्चा और बच्चा को लेकर पहुंची। दोनों तत्काल भर्ती किया गया। दोनों स्वस्थ हैं।

## बच्ची से रेप-हत्या करने वाले को फांसी की सजा: 8 साल की मासूम के टुकड़े कर थैली में भर दिए थे, भैया कहकर बुलाती थी

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। रेप के बाद 8 साल की बच्ची की हत्या और उसके शव के टुकड़े करने के मामले में सोमवार को उदयपुर पॉक्सो-2 कोर्ट ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कमलेश को दोषी मानते हुए फांसी की सजा सुनाई है। दोषी के माता-पिता को 4-4 साल की सजा सुनाई है। हालांकि दंपती ने जमानत याचिका दायर कर रखी थी, ऐसे में उन्हें जमानत दे दी गई। मामले में कोर्ट ने 8 दिन पहले कमलेश (21) सहित उसके माता-पिता को साक्ष्य मिटाने और सहयोग करने के आरोप में दोषी करार दिया था। मामले में आरोपी के वकील ने कोर्ट से समय मांगा था। जिस पर जज ने उन्हें 4 नवंबर तक का समय दिया था। दोषी ने कोर्ट से बाहर आते हुए कहा- मैं निर्दोष हूं, मैंने ये सब मेरे माता-पिता को बचाने के लिए किया है। मुझ पर दबाव बनाया गया है, मैं हाईकोर्ट में अपील करूंगा। मेरे मम्मी-पापा को बचाने के लिए सजा मोल ली है। मामले में कोर्ट ने कमलेश को दोषी ठहराया। युवक चॉकलेट देने के बहाने बच्ची को घर लेकर गया था। इसके बाद रेप कर बेरहमी से उसकी हत्या कर दी थी। फिर उसके हाथ, पैर, धड़ सहित शव के 10 टुकड़े कर बोरे में भर दिए थे। बच्ची इसे भैया कहकर बुलाती थी। रक्षा बंधन पर राखी बांधती थी। मासूम का दो दिन बाद मिला था शव बच्ची के पिता ने 29 मार्च 2023 को उसके लापता होने की रिपोर्ट मावली थाने में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया था कि बेटी दोपहर 4 बजे स्कूल आई थी। ड्रेस बदलकर





ताउजी के पास जाने का कहकर निकली थी। तब से वापस नहीं लौटी। पुलिस ने डॉग स्क्वॉड की मदद से तलाश शुरू की। एक अप्रैल को पीड़िता का शव एक खंडहर में एक बोरे में पड़ा मिला। उसी दिन पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी कमलेश घर में अकेला था। उसके माता-पिता घर नहीं थे। वह खिड़की में बैठकर मोबाइल पर पॉर्न मूवी देख रहा था। बच्ची को खेत पर जाता देखा और उसे चॉकलेट का लालच देकर आवाज लगाई। उसे अपने घर के अंदर बुलाकर बाथरूम में ले गया। कमलेश की हरकतों से बच्ची चिल्लाने लगी तो उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। बच्ची के साथ दरिंदगी के बाद उसे उठाने लगी, लेकिन बच्ची निढाल पड़ी थी। आरोपी समझ गया था कि बच्ची की मौत हो चुकी है।

### धड़, हाथ-पैर सहित पूरे शरीर के 10 टुकड़े किए थे

चार्जशीट के मुताबिक आरोपी कमलेश ने बाथरूम में ही पत्थर-छुरी से बच्ची के हाथ-पैर, धड़ सहित पूरे शरीर के अलग-अलग 10 टुकड़े किए थे। फिर उन टुकड़ों को अलग-अलग थैली में भरा था। थैलियों को टॉयलेट में छिप दिया था। कमलेश के माता-पिता को घटना की खबर दूसरे दिन 30 मार्च को लगी थी। तीनों ने मिलकर शव को ठिकाने लगाने का प्लान बनाया था। रात 11 बजे कमलेश शव के टुकड़ों से भरी बोरी घर से करीब 200 मीटर दूर बने खंडहर में फेंकने गया था। इस बीच कमलेश का पिता रामसिंह घर के बाहर ओर मां किशन कंवर खंडहर के बाहर खड़ी रही।

## प्राणघातक हमले के तीन अभियुक्त गिरफ्तार

■ संजीवनी टुडे

सराडा। पुलिस ने प्राणघातक हमले के तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया। 1 को प्रार्थी हरिश पिता भगवतीलाल खराडी निवासी पडुणा फला लोयडा पुलिस थाना टीडी जिला उदयपुर ने उपस्थित थाना हो एक लिखित रिपोर्ट इस आषय की पेश की 1 को समय शाम करीब 6.30 बजे कि बात है कि मेरे अंकल के लड़के अनिल को हॉस्पीटल दिखाने ले जा रहा था उसके साथ उसका भाई लालू भी था। हम मातेश्वरी होटल के सामने पहुंचे की सामने से सुनिल पिता नारायण, महेन्द्र पिता नारायण,कपिल पिता नारायण, सुरेश पिता नारायण एवं रवि चिल्लाते हुए आये पुरानी रजिंश को लेकर हमारी मोटरसाइकिल रुकवाई व गाडी के साथ तोड-फोड करने लगे सुनिल के पास चाकु था व महेन्द्र के पास तलवार थी उन्होने हमे जान से मारने की नियत से मेरे ऊपर वार किया जिससे सिर मे चाकु लगी व चाकु पेट में मारने की कोशिश की तो मेने चाकु पकड़ ली जिससे मेरे दोनों हाथ की अगुलिया कट गयी व हथेली भी कट गयी खून निकल गयेमहेन्द्र ने मेरे पैर पर तलवार मारी जिससे दोनों पैरो के गहरा घांव हो गया।कपिल ने पत्थर फ़ेका जो अनिल के हाथ के लगा जिससे उसका फोन



वही गिर गया मेरा फोन भी गिर गया।लालु बचाने के लिए चिल्लाया व वंहा से जान बचा कर भाग गया।हो हल्ला होने से वे लोग सभी वहीं से भाग गये मेरे ज्यादा लगने से मुझे टीडी हॉस्पिटल इलाज के लिए लेकर गये ईलाज करा कर आया हुं।इन लोगो ने मुझे जान से मारने की नियत से चाकु व तलवार से वार किया व लठ से भी मारपीट की,गाडी मोटरसाइकिल के साथ भी तोड फोड की है कि इनके साथ इनकी बहिन भी थी रिपोट करता हूं कि कानुनी कार्यवाही करावे।वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।हरिश व अनिल मीणा का मेडिकल कराया गया।एमओ ने चोट को सिंपल शार्प ईंजार्य होना अंकित किया।जिस पर धारा 118 (1) बीएनएस का ईजाफा किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाधिकारी फैलीराम की एक टीम का गठन कर प्रकरण मे वांछित अभियुक?त की त?वरित गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया।जिस पर टीडी थानाधिकारी फैलीराम मीणा मय टीम द्वारा दौराने तलाश पडुणा के जंगलो से अभियुक?त महेन्?द्र (25)पिता नारायणलाल मीणा,सुनिल (20)पिता नारायणलाल मीणा,सुरेश पिता नारायणलाल मीणा उम्र 18 साल 9 माह निवासि उपला खेडा पडुणा पुलिस थाना टीडी जिला उदयपुर को डिटेन किया जाकर अभियुक?तगणो से उक?त घटनाक्रम को लेकर तकनिकी एव मनोवैज्ञानिक तरिके से पुछताछ करने पर अभियुक?तगणो द्वारा आपसी कहासुनी कि बात को लेकर जान से मारने की नियत से प्रार्थी हरीश मीणा व उसके साथी अनिल मीणा के साथ तलवार,चाकू से वार कर भाग गये थे। अभियुक्तगण को बाद पुछताछ के गिरफतार किया गया जिससे अनुसंधान किया जाकर न्यायालय में पेश किया गया।

### प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारियों की बैठक में रिटर्निंग अधिकारी ने दिए निर्देश

## निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें निर्वाचन कार्य: रिटर्निंग अधिकारी पर्वत सिंह चुंडावत

■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। विधानसभा उपचुनाव-2024 के तहत सोमवार शाम को उपखण्ड कार्यालय के सभागार में रिटर्निंग अधिकारी की अध्यक्षता में प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारियों की बैठक हुई। इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी पर्वत सिंह चुंडावत ने विभिन्न प्रकोष्ठों द्वारा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी प्रकोष्ठ प्रभारी निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय अवधि में निर्वाचन संबंधी कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। बैठक में रिटर्निंग अधिकारी ने सभी प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारियों से अब तक हुए कार्यों की जानकारी लेते हुए समीक्षा की ओर उन्होंने कहा कि सभी कार्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय अवधि में पूर्ण किए जाएं। रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि सभी प्रकोष्ठ प्रभारी निर्धारित समय की पालना करते हुए चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार मतदान तिथि तक किये जाने वाले दायित्वों को गुणवत्ता के साथ पूरा करें। बैठक में पेड न्यूज़, चेक पोस्ट, स्टोर व्यवस्था क़ानून व्यवस्था, सी विजिल सहित अन्य विषयों पर चर्चा कर



सम्बंधित प्रकोष्ठ प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रिटर्निंग अधिकारी ने अधिकारियों को कहा कि मतदान केन्द्रों पर बिजली, पानी की निर्बाध आपूर्ति बनी रहे, इसके लिए क्षेत्रवार नोडल अधिकारी निरंतर निगरानी रखें। बैठक में चुनाव संचालन, आदर्श आचार संहिता एवं शिकायत प्रकोष्ठ, स्वीप प्रचार-प्रसार, वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी व अन्य विविध व्यवस्थाओं के प्रभारी अधिकारियों व सहायक प्रभारी अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाओं एवं कार्यो को लेकर दिशा निर्देश दिए। बैठक में एसीईओ दिनेश चंद्र पाटीदार, डीटीओ सुरेन्द्र सिंह गुलिया, विजेंद्र सिंह गहलोत, पुष्पक मीणा, हेमंत खटीक, सहित नायब तहसीलदार, बीडीओ सहित प्रकोष्टों के प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।

## खेल हार और जीत दोनों ही जीवन के महत्वपूर्ण हिस्से हैं: हुकम भारती

■ संजीवनी टुडे

फालना,पाली। प्रजापति प्रीमियर लीग के बैनर तले आज एसपीयू कॉलेज ग्राउंड में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न हुआ कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए जगदीश प्रजापति ने बताया कि इस प्रीमियर लीग का आज श्री श्री 1008 श्री हुकुम भारती जी महाराज एवं प्रजापति शैक्षणिक विकास संस्थान के अध्यक्ष लच्छा राम प्रजापति एवं समाजसेवी अमित मेहता के द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ इस इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हुकुम भारती जी महाराज ने उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ल्लहार जीतङ्क एक कहावत है जिसका अर्थ है कि जीत और हार दोनों ही जीवन के महत्वपूर्ण हिस्से हैं और हमें उन्हें स्वीकार करना चाहिए । ये विचार हमें यह सिखाता है कि हमें हार के साथ संघर्ष करना है और जीत के साथ को खुश होना सीखना चाहिए इस अवसर



पर उन्होंने समाज के होनहार युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से भी दूर रहने का आह्वान किया उपस्थित मुख्य अतिथियों का साफ़ा,दुपट्टा एवं मोमेंटो के साथ सम्मान किया गया प्रीमियर लीग में कुल 16 टीमें भाग ले रही है जिसका फ़ाइनल मैच 5 तारीख़ को दोपहर में खेला जाएगा इस अवसर पर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने में जगदीश प्रजापति, कमलेश प्रजापति,राकेश प्रजापति, प्रवीण प्रजापति और हेमा राम प्रजापति का अभूतपूर्व पूर्ण सहयोग रहा है कार्यक्रम का सुव्यवस्थित मंच संचालन जगदीश प्रजापति ने किया एवं पधारे हुए आगंतुक मेहमानों का धन्यवाद दिया।

**खबरें फटाफट**

## चौरासी विधानसभा उपचुनाव, जिला स्तरीय एकीकृत नियंत्रण कक्ष का किया निरीक्षण



संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। सामान्य प्रेक्षक श्री के. विवेकानंदन ने सोमवार को चौरासी विधानसभा उपचुनाव के तहत जिला कलक्ट्रेट परिसर में स्थापित एकीकृत नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया। सामान्य प्रेक्षक ने सबसे पहले मीडिया अनुवीक्षण सेल में उपस्थित कार्मिकों से आदर्श आचार संहिता, पेड न्यूज, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापन एवं सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। वहीं, सी-विजिल, एमसीसी, जिला स्तरीय सामान्य नियंत्रण कक्ष, 1950 शिकायत निवारण आदि पर प्राप्त होने वाली शिकायतों, संधारित किए जा रहे रजिस्टरों आदि की जानकारी ली। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश धाकड़ भी साथ थे। सामान्य प्रेक्षक ने एसबीपी कॉलेज परिसर में ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम, मतगणना स्थल, मतदान दलों की रवानगी, अंतिम प्रशिक्षण, ईवीएम डिस्पैच-रिसीव व्यवस्था, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, मीडिया सेंटर आदि व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, काउंटिंग व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश धाकड़, जिला परिषद सीईओ हनुमान सिंह राठौड़, पीडब्ल्यूडी एईएन दीपिका पाटीदार, तन्वी कलाल, लाइजन अधिकारी मेहुल कटारा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## 251 मतदान केंद्रों के लिए ईवीएम वीवीपेट मशीनों का सैकंड रेंडमाइजेशन



संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। चौरासी विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के तहत 251 मतदान केंद्रों के लिए ईवीएम वीवीपेट मशीनों का सैकंड रेंडमाइजेशन सोमवार को किया गया। भारत निर्वाचन आयोग की ओर नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री के. विवेकानंदन, जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश धाकड़, रिटर्निंग अधिकारी कपिल कोठारी और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निर्वाचन विभाग के सॉफ्टवेयर ईएमएस 2.0 के माध्यम से सैकंड रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को रेंडमाइजेशन के बाद चौरासी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बूथ वार आवंटित हुई ईवीएम वीवीपैट मशीनों की हस्ताक्षरित सूची उपलब्ध कराई गई। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करवाई गई। जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह ने बताया कि बूथवार आवंटित की गई ईवीएम वीवीपैट मशीनों की कमीशनिंग मंगलवार, 5 नवम्बर से प्रारंभ की जाएगी। कमीशनिंग एवं मॉकपोल के पश्चात श्री भोगीलाल पण्ड्या राजकीय महाविद्यालय में स्थापित स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित भण्डारण किया जाएगा। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को इस दौरान उपस्थित रहने के लिए निवेदन किया।

## एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने मिर्ची के साथ मिलकर जयपुर में की स्पेल बी 2024 के 14वें एडिशन के रीजनल फिनाले की शुरुआत

संजीवनी टुडे

जयपुर। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, भारत की सबसे भरोसेमंद जीवन बीमा कंपनियों में से एक ने मिर्ची के साथ मिलकर जयपुर में एसबीआई लाइफ स्पेलबी 2024 के अपने 14वें एडिशन - 'बी स्पेलबाउंड' के रीजनल फिनाले की शुरुआत की घोषणा की। यह प्रतियोगिता, जो देश भर के सबसे प्रतिभाशाली युवा स्पेलर को एक साथ लाती है, अब अपने अगले चरण में पहुंच गई है, जहां विभिन्न क्षेत्रों के चैंपियन की पहचान की जाएगी और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाया जाएगा। जयपुर में रीजनल फिनाले में 21 स्कूलों के 11,436 छात्रों में से 51 छात्रों ने भाग लिया। जयपुर के कैम्ब्रिज कोर्ट हाई स्कूल की नौवीं कक्षा की छात्रा 14 वर्षीय दिशिता मित्तल ने अपनी बेहतरीन स्पेलिंग क्षमता और बौद्धिक कौशल के साथ एसबीआई लाइफ स्पेल बी २०२४ के जयपुर क्षेत्रीय फिनाले में जीत हासिल की, अब वह अन्य शहरों से शॉर्टलिस्ट किए गए बाकी प्रतिभागियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए दिसंबर 2024 में आयोजित होने वाले ग्रैंड फिनाले में शामिल होंगी। एसबीआई लाइफ के ब्रांड, कॉपरिट कम्युनिकेशंस और सीएसआर के हैड रवींद्र शर्मा, और एसबीआई लाइफ के जयपुर क्षेत्र के प्रबंधक शैलेश शर्मा ने अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में फाइनलिस्टों को सम्मानित किया।

# राज्य सरकार की फ्लेगशीप योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाये: बिन्दल

संजीवनी टुडे



राजसमंद। राज्य सरकार की फ्लेगशीप योजनाओं मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं एवं मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत पात्र परिवारो को लाभान्वित करें। यह निर्देश सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने स्वास्थ्य भवन में आयोजित खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारीयों एवं विभाग के जिला अधिकारीयों की बैठक में दिये। उन्होंने मां वाउचर योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्यो के अनुरूप गर्भवती महिलाओं की प्रसव पुर्व जांच हेतु रजिस्ट्रेशन सुनिश्चत करें, साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस के दिन सभी लक्षित गर्भवती महिलाओं को मां वाउचर योजना के कूपन प्रदान करते तथा निःशुल्क सोनोग्राफी का लाभ प्रदान करने के लिये स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं आशा के माध्यम से मोबिलाईज करें। उन्होंने कहा कि योजना में पंजीबद्ध किसी सोनोग्राफी सेंटर से कोई विशेष समस्या हो तो भी अवगत करावें जिससे समाधान किया जा सके।

उन्होंने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत चिकित्सा संस्थान में आने वाले सभी पात्र परिवारो को शत प्रतिशत लाभान्वित करने तथा इसके लिये जिला स्तर पर निर्धारित गुगल फॉर्म में रिपोर्टींग के लिये निर्देशित किया जिससे योजना के तहत नियमित मोनिटरिंग हो सके तथा अधिक से अधिक लोगो को लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने इसके लिये चिकित्सा संस्थानो पर पदस्थापित स्वास्थ्य मार्गदर्शको का आमुखीकरण करने के लिये निर्देशित किया। उन्होंने मौसमी बीमारियों डेंगू, मलेरिया, स्क्रबटाईफस की रोकथाम के लिये नियमित फिल्ड गतिविधियों को जारी रखने तथा सजग रहने के लिये निर्देशित किया। उन्होंने जिले के नवाचार की हेल्थ परफोरमेंस इण्डिकेटर्स को लेकर निर्देशित किया की रिपोर्टींग करना शुरू करे जिससे रियल टाइम मोनिटरिंग की जा सके तथा कमजोर सूचकांको पर विशेष फोकस किया जा सके। बैठक में आमजन की शिकायतो के निवारण के लिये संचालित सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतो का त्वरीत निस्तारण करने के लिये निर्देशित किया तथा खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारीयों को नियमित चिकित्सा संस्थानो के लिये निरीक्षण के लिये निर्देशित किया तथा साफ - सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिये कहा। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में विशेष अभियान संचालित कर सभी की आभा आईडी बनवाने एवं प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत ईकेवाईसी से शेष रहे परिवारो की तत्काल ईकेवाईसी करने के लिये निर्देशित किया। बैठक में चिकित्सा संस्थानो में दिये जाने वाले जन्म प्रमाण पत्रो को शत प्रतिशत जारी करने तथा आयुष्मान कार्ड का वितरण शत प्रतिशत करने के लिये निर्देशित किया। बैठक में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ रमेश रजक, डीप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण डॉ नरेन्द्र यादव, डिप्टी सीएमएचओ हेल्थ डॉ नवीन कुमार जांगिड़ एवं सभी खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे।

## जावर माईन्स पुलिस ने 105 ग्राम गांजा किया जप्त

संजीवनी टुडे

सराडा।जावर माईन्स पुलिस ने 105 ग्राम गांजा जप्त किया। जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार यादव द्वारा विधानसभा उपचुनाव 2024 के मध्यनजर चलाये जा रहे लोकल एवं स्पेशल एक्ट के अभियान के तहत निकट सुपरविजन में जावरमाईन्स थानाधिकारी पवन सिह मय जाप्ता द्वारा दोहराने नाकाबन्दी एक मोटर साईकिल चालक मोटर साईकिल हिरो स्पलेण्डर प्लस को चलाकर लाया।जिसे हमराही जाप्ता द्वारा हाथ का ईशारा कर रुकवाया तो वह घबराने लगा,जिसको पुछताछ करने पर कोई संतोषप्रद जवाब नही दिया।संदेहास्पद प्रतीत होने से उक्त व्यक्ति का नाम पता पुछा तो उक्त व्यक्ति ने अपना नाम भैरूलाल पिता रामलाल मीणा निवासी देवपुर भरोईया फला होना बताया व उसे उसकी तलाशी में पेन्ट की बायीं जेब से हरे रंग की प्लास्टिक की थैली निकली।थैली में कैनेविस (गांजा) के पौधे के फलने-फूलने वाले सिरे यथा बीज,फल,डोडी आदि गांजे के होना पाया गया।भैरूलाल (23)पिता रामलाल मीणा निवासी देवपुरा भरोईया फला थाना जावर माईन्स जिला सलुम्बर राजस्थान से भी उक्त थैली में मौजुद उक्त कैनेविस (गांजा) के पौधे के फलने-फूलने वाले सिरे यथा बीज,फल, डोडी आदि के सम्बन्ध में पूछा तो उक्त व्यक्ति ने भी मादक पदार्थ गांजा होना स्वीकार किया।

# लड़कियां उपलब्ध कराने के नाम पर करते थे धोखाधड़ी: 3 आरोपी गिरफ्तार सहित एक नाबालिग डिटेन

**ऑनलाइन चलाते रैकेट, सलूंबर थाना क्षेत्र का मामला**

संजीवनी टुडे



उदयपुर।सलूंबर थाना पुलिस ने एस्कॉर्ट सर्विस और कॉलगर्ल के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी करने के मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए एक नाबालिग को डिटेन किया है। आरोपियों से 6 मोबाइल और 7 सिमकार्ड जब्त किए हैं। थानाधिकारी मनीष खोईवाल ने बताया कि गणेश घाटी पर नाकाबंदी के दौरान यह कार्रवाई की गई। वाहनों की चेकिंग के दौरान एक बिना नंबरी बोलेरो गाडी को रुकवाया गया। चेकिंग के दौरान तीन युवक मोबाइल छिपाने लगे और घबराने लगे। शंका होने पर उनके मोबाइल चेक किए। जिसमें पता लगा कि अनजान कई नंबरों से एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर लड़कियां उपलब्ध कराने के नाम पर चेटिंग का पता लगा। एक-एक कर आरोपियों से पूछताछ की गई, जिसमें पता लगा कि वे सोशल मीडिया पर लड़की की फ़ेक आईडी बनाकर विज्ञापन देते थे। आईडी पर ग्राहकों के मोबाइल नंबर लिए जाते और उन्हें लड़कियों के फोटो भेजकर समय और रेट तय की जाती। आरोपियों द्वारा ग्राहक से पहले ही ऑनलाइन पेमेंट ले लिया जाता। पेमेंट आने पर ग्राहक का नंबर या तो ब्लॉक कर देते या फिर उसे जबाव देना बंद कर देते। बदनामी के डर से कोई ग्राहक थाने में रिपोर्ट करने नहीं आता। थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी महेन्द्र कुमार पिता हीरालाल पटेल, पवन पिता देवीलाल पटेल, मुकेश पिता नाथु पटेल को गिरफ्तार किया। साथ ही एक नाबालिग को डिटेन किया है। आरोपियों से पूछताछ जारी है जिसमें और भी खुलासे होने की संभावना है।

# 5 लाख की अवैध देशी व अग्रेजी शराब की जप्त

संजीवनी टुडे



सराडा।राजेश कुमार यादव पुलिस अधीक्षक सलुम्बर के निर्देशन मे जावर माईन्स पुलिस द्वारा करीब 5 लाख की अवैध देशी व अग्रेजी शराब जप्त की। जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा विधानसभा उपचुनाव 2024 के मध्यनजर चलाये जा रहे लोकल एवं स्पेशल एक्ट के अभियान के तहत जावरमाईन्स थानाधिकारी पवन सिह के निर्देशन मे पलोदडा चौकी प्रभारी सउनि राजेन्द्र सिह को जरिये मुखबीर सूचना मिली की अदवास से जावद रोड पर अवैध शराब की दुकान का संचालन हो रहा है जहा पर दुकान पर बैठा व्यक्ति दुकान मे विभिन्न प्रकार की अग्रेजी व देशी शराब ग्राहको को बेच रहा है।जिस पर चौकी प्रभारी पलोदडा मय जाप्ता दुकान पर पहुंच कर देखा तो दुकान के अन्दर डी फीज रखा हुआ हो पास कुर्सी लगा कर एक लडका बैठा हुआ था जिसका नाम पता पुछा तो उसने अपना नाम सुरेश कलाल पिता शंकर लाल कलाल निवासी नईजर पुलिस थाना सलुम्बर का होना बताया उक्त लडका सुरेश कलाल को दुकान संचालन एव दुकान के अन्दर क्या रखा है बाबत पुछने पर दुकान के अन्दर अग्रेजी व देशी शराब व बीयर होना व स्वयं संचालन करना व शराब ग्राहको को बेचना बताया उक्त सुरेश कलाल से दुकान मै शराब रखने व बेचने के सम्बन्ध मे वैध कागजात व लाईसेंस के बारे मे पुछा तो स्वयं के पास नही होना बतायाजिस पर दुकान में रखी अग्रेजी शराब,बीयर,देशी राजस्थान निर्मित शराब को जप्त किया शराब की कुल मात्र 1287.52 लीटर जिसकी किमत करीब 5 लाख रूपये है।इस पर प्रकरण संख्या 177/2024 धारा 19/54 राज आबकारी अधिनियम 1950 में दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

# मेवाड़ क्षेत्र की बड़ी खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन हुए 17 वॉलीबॉल व 28 क्रिकेट के रोचक मुकाबले

**खेल देखने उमड़ा मेवाड़ मालवा पुष्करणा समाज का हुजूम, आज होगा समापन**

संजीवनी टुडे



कानोड़। क्षेत्र के बड़वाई गांव में मेवाड़ मालवा पुष्करणा समाज की तीन दिवसीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन क्रिकेट के 5 ग्राउंड पर 28 मैच संपन्न हुए वहीं वॉलीबॉल के तीन ग्राउंड पर 17 मैच संपन्न हुए वॉलीबॉल के डायरेक्ट व इनडायरेक्ट दोनों ही टीमों के मैच अलग-अलग ग्राउंड पर संपन्न हुए। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस रात्रि में वॉलीबॉल के तीनों ही ग्राउंड पर डायरेक्ट व इनडायरेक्ट के मैच हुए। आयोजित इस प्रतियोगिता में होने वाले वॉलीबॉल व क्रिकेट मैच को देखने के लिए मेवाड़ मालवा क्षेत्र से पुष्करणा समाजजनों का बड़ी संख्या में हुजूम पहुंचा वहीं महिलाओं की संख्या भी बड़ी तादाद में थी। इसके साथ ही गांव सहित आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में खेल प्रेमी भी इस प्रतियोगिता को देखने के लिए पहुंचे हैं। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता के आयोजक स्थानीय पुष्करणा समाज के सभी परिवारों द्वारा यहां आने वाले सभी अतिथियों खिलाड़ियों का स्वागत के साथ ही खाने-पीने ठहरने की सभी व्यवस्थाओं का पुख्ता इंतजाम किया गया। प्रत्येक मैच के दौरान हर ग्राउंड पर चाय नाश्ते की व्यवस्था उपलब्ध करवाई गई वहीं पुष्करणा समाज के नोहरे में भोजन हेतु दिन-रात व्यवस्था उपलब्ध करवाई गई, जिससे नाइट में वॉलीबॉल के मैच के बाद भी खिलाड़ियों व यहां पहुंचने वाले सभी खेल प्रेमियों के भोजन की व्यवस्था रही। यहां तक की इन प्रतियोगिताओं को देखने आने वाले सभी क्षेत्रवासियों के लिए भी भोजन व्यवस्था रही।

वहीं सोमवार सायं को पूरे गांव का सामूहिक महाप्रसाद स्थानीय पुष्करणा समाज की ओर से पुष्करणा समाज के नोहरे में रहा। यहां पहुंचने वाले मेवाड़-मालवा पुष्करणा समाज के कई वरिष्ठ जनों व क्षेत्र के खेल प्रेमियों ने इस प्रतियोगिता के दौरान छोटे से गांव में पुष्करणा समाज के परिवारों द्वारा जिन व्यवस्थाओं के इंतजाम किए गए उनको देखकर तारीफ करते हुए इस सुंदर व सफल आयोजन की बधाई देते हुए समाज की ओर से भी स्थानीय पुष्करणा समाज के परिवारजनों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में स्थानीय गांव के अन्य सर्व समाज के खेल प्रेमी भी खेल के दौरान अंपायरिंग व अन्य सभी व्यवस्थाओं में जुटे रहे। आयोजित इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का दिन में क्रिकेट के सेमीफाइनल व फाइनल मैच एवं उसके बाद वॉलीबॉल के फाइनल मैच के साथ प्रतियोगिता का समापन होगा। समापन के दौरान पुष्करणा समाज के मेवाड़-मालवा व मारवाड़ क्षेत्र से आने वाले कई वरिष्ठ पदाधिकारी व समाजजन व खिलाड़ी उपस्थित रहेंगे।

# दिवाली के जरिए भारतीय संस्कृति से रूबरू हुए इंटरनेशनल स्टूडेंट्स

**पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के 100 इंटरनेशनल स्टूडेंट्स ने सेलिब्रेट की दिवाली**

संजीवनी टुडे



जयपुर। पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के इंटरनेशनल स्टूडेंट्स को दिवाली पर्व के जरिए भारतीय संस्कृति को करीब से जानने का अवसर मिला। इनके लिए यूनिवर्सिटी द्वारा इन स्टूडेंट्स को कुछ स्थानीय स्टूडेंट्स व फैकल्टी मेंबर्स के घर आमंत्रित किया गया। यहां इंटरनेशनल स्टूडेंट्स ने साथ मिलकर दिवाली पूजन किया और पटाखों व मिठाइयों के जरिए रोशनी के इस त्यौहार को सेलिब्रेट किया। इस पहल में यूनिवर्सिटी की ओर से समीर, गौरव, आनंद झा, डॉ. प्रज्ञा और डॉ. मोनिका ने इन मेहमानों की गर्मजोशी से मेजबानी की। यूनिवर्सिटी के को–फाउंडर राहुल सिंघी ने बताया कि यूनिवर्सिटी के विभिन्न कोर्सेज में इंटरनेशनल स्टूडेंट्स की संख्या अब 100 को पार कर चुकी है। इनमें जिम्बाब्वे, माली, दक्षिण अफ्रीका, तंजानिया, आइवरी कोस्ट, सूडान, गाम्बिया, लेसोथो, स्वाजीलैंड व लाइबेरिया देशों के स्टूडेंट्स शामिल हैं। इन स्टूडेंट्स के जरिए पूर्णिमा यूनिवर्सिटी न सिर्फ अपने शैक्षणिक क्षितिज का विस्तार कर रही है, बल्कि दुनिया के विभिन्न देशों तक अपनी वैश्विक पहुंच भी बना रही है।

दूसरे देशों के ये स्टूडेंट यहां अपने साथ समृद्ध संस्कृतियां व दृष्टिकोण लेकर आते हैं, जो हमारे कैंपस के अनुभव को और समृद्ध बनाते हैं और वैश्विक शैक्षणिक वातावरण को बढ़ावा देते हैं। इन स्टूडेंट्स को विविधतापूर्ण वातावरण के साथ–साथ अत्याधुनिक व विशिष्ट सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। भारतीय परंपराओं व आतिथ्य से रूबरू कराने की पहल के तहत इंटरनेशनल स्टूडेंट्स को दिवाली की सांस्कृतिक समृद्धि से परिचित कराना भी इन सुविधाओं का ही एक भाग था। यूनिवर्सिटी के इंटरनेशनल रिलेशंस डिपार्टमेंट की डीन डॉ. स्वाति गोखरू ने बताया कि पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के इंटरनेशनल एक्सचेंज प्रोग्राम गतिशील व विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं, जो स्टूडेंट्स को परस्पर जुड़ी हुई दुनिया में सफलता के लिए तैयार करते हैं। यह माइलस्टोन पूर्णिमा यूनिवर्सिटी को ग्लोबल एजुकेशन और कोलोब्रेशन का प्रतीक बनाने के हमारे सामूहिक प्रयासों का प्रतिबिंब है।

# सफाई भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता नहीं तो होगा राज्यव्यापी आंदोलन: जैदिया

**सफाई कर्मचारी भर्ती सहित विभिन्न मांगों को लेकर वाल्मीकि समाज ने किया धरना-प्रदर्शन**

संजीवनी टुडे



जयपुर। जहां एक तरफ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाल्मीकि समाज को सम्मान दे रहे है और वहीं दूसरी ओर राजस्थान में सोमवार को वाल्मीकि समाज की ओर से सफाई कर्मचारी भर्ती सहित विभिन्न मांगों को लेकर एक दिन का सांकेतिक विशाल धरना-प्रदर्शन गवर्नमेंट हॉस्टल शहीद स्मारक जयपुर पर दिया गया। जहां राजस्थान के कई जिलों से पधारे संगठनों के पदाधिकारियों ने एक सूर में आवाज बुलंद कर मांगों नहीं मानने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के बैनर तले अध्यक्ष किशनलाल जैदिया ने वाल्मीकि सफाई समुदाय से उनकी मांगों को लेकर प्रदेश व्यापी संघर्ष करने का आवाहन किया है। इस विशाल धरना-प्रदर्शन के बाद किशनलाल जैदिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंचा और मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र का ज्ञापन सौपा। जहां संबंधित अधिकारियों ने उन्हे सकारात्मक जवाब देकर उनकी मांग मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष और राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व अध्यक्ष किशनलाल जैदिया ने बताया कि अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के बैनर तले वाल्मीकि समाज कई मांगों को लेकर सोमवार को गवर्नमेंट हॉस्टल शहीद स्मारक पर विशाल धरना-प्रदर्शन किया गया। उन्होंने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में एक प्रमुख मांग यह है कि सफाई कर्मचारी भर्ती में परम्परागत सफाई कार्य करने वाली जाति वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देकर भर्ती की जाए तथा सफाई भर्ती आरक्षण मुक्त की जाये। इसके अलावा आवेदन के लिए एक माह का समय तत्काल बढाया जाए। साथ ही सफाई कर्मचारी भर्ती लॉटरी से न करा कर प्रैक्टिकल सफाई कार्य तीन माह तक करवाकर की जाये। जिसका दैनिक मजदूरी भुगतान सरकार करे। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश बेनीवाल ने बताया कि भाजपा सरकार दलित विरोधी एवं सफाई मजदूर विरोधी है। यह जानबूझकर सफाई कर्मचारी भर्ती में वाल्मीकि समाज के अलावा अन्य जाति के लोगों को भर्ती करना चाहती है जबकि वह सफाई का कार्य करते ही नहीं है। इस एक दिवसीय धरने में सम्पूर्ण राजस्थान के कोने कोने से आये सफाई मजदूर वर्ग वाल्मीकि समाज ने विशाल जनसभा में प्रस्ताव पारित किया कि वाल्मीकि समाज का आजादी के बाद आज तक पुनर्वास नहीं हुआ है। सफाई कर्मचारी भर्ती पर इसलिए ही आरक्षण लागू नहीं है। भाजपा की राज्य सरकार जानबूझकर वाल्मीकि समाज की रोजी रोटी छीनने का काम कर रही है।

# नहाय-खाय के साथ आज से शुरू हो रहा है डाला छठ, जगह-जगह गूंजने लगे छठ गीत

संजीवनी टुडे

जयपुर। बिहार समाज संगठन की ओर से डाला छठ पूजा मंगलवार से शुरू होरहा है। लोकआस्था, सामाजिक समरसता, साधना, आरधना और सूर्योपासना का महापर्व डाला छठ मंगलवार को नहाय-खाय के साथ शुरू होगा. इसको लेकर व्रतियों के घरों में भक्ति का माहौल बन गया है. बेहद खास और अहम पर्व छठ कई मायने में खास होता है. गर्मी और सूर्य की तपिश के बावजूद व्रती दो दिनों तक उपवास रहकर भक्ति में लीन रहते हैं ।बिहार समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा ने कहा कि पवित्र लोक पर्व डाला छठ को लेकर तैयारी शुरू हो गई है ॰ दीवाली होते ही श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ नहर व जलाशयों के समीप घाट का निर्माण किया. चार दिनों तक चलने वाला यह महापर्व 5 नवम्बर मंगलवार को नहाय-खाय से शुरू होगा. 06 नवम्बर को व्रती दिन भर निराहार रहने के बाद शाम को खरना का अनुष्ठान पूरा करेंगे. इसके बाद 36 घंटे का निराहार आरंभ हो जायेगा 07 को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जायेगा ॰ 08 नवम्बर की सुबह व्रती उगते सूर्य को अर्घ्य देंगे. इसके साथ ही लोकआस्था का महापर्व डाला छठ का समापन हो जायेगा । राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुरेश पंडित ने बताया कि दिवाली के बाद से ही इसकी तैयारी भी शुरू हो गई है. व्रत वाले घरों में विशेष शुद्धता बरती जा रही है. स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. छठ घाटों की साफ-सफाई शुरू हो गई है. वहीं छठ पूजा के लिए सूप , दउरा, मिट्टी के दीये, हाथीदान के साथ मौसमी फल और लौकी की खरीदारी शुरू हो गयी है. यह इकलौता पर्व है, जिसके केन्द्र में कृषि, मिट्टी और किसान हैं. धरती से उपजी हुई हर फसल और हर फल-सब्जी इसका प्रसाद है. मिट्टी से बने चूल्हे पर और मिट्टी के बर्तन में नहाय-खाय, खरना और पूजा का हर प्रसाद बनाया जाता है।

सम्पादक की कलम से....

## सम्पादकीय

# मां ही मन्दिर है, मां ही तीर्थ है



अन्तर्राष्ट्रीय मातृत्व दिवस सम्पूर्ण मातृ-शक्ति को समर्पित एक महत्वपूर्ण दिवस है, जिसका ममत्व एवं त्याग घर ही नहीं, सबके घट को उजालों से भर देता है। मां का त्याग, बलिदान, ममत्व एवं समर्पण अपनी संतान के लिये इतना विराट है कि पूरी जिंदगी भी समर्पित कर दी जाए तो मां के ऋण से उऋण नहीं हुआ जा सकता है। संतान के लालन-पालन के लिए हर दुख का सामना बिना किसी शिकायत के करने वाली मां के साथ बिताये दिन सभी के मन में आजीवन सुखद व मधुर स्मृति के रूप में सुरक्षित रहते हैं। इसीलिये एच. डब्ल्यू. बीचर ने कहा कि मां का हृदय बच्चे की पाठशाला है।

हर एक के जीवन में माँ एक अनमोल इंसान के रूप में होती है जिसके बारे में शब्दों से बयाँ नहीं किया जा सकता है। ऐसा कहा जाता है कि भगवान हर किसी के साथ नहीं रह सकता इसलिए उसने माँ को बनाया। एक माँ हमारे जीवन की हर छोटी बड़ी जरूरतों का ध्यान रखने वाली और उन्हें पूरा करने वाली देवदूत होती है। कहने को वह इंसान होती है, लेकिन भगवान से कम नहीं होती। वह ही मन्दिर है, वह ही पूजा है और वह ही तीर्थ है। तभी ई. लेगोव ने कहा है कि इस धरती पर मां ही ऐसी देवी है जिसका कोई नास्तिक नहीं। यही कारण है कि समूची दुनिया में मां से बढ़कर कोई इंसानी रिश्ता नहीं है। वह सम्पूर्ण गुणों से युक्त है, गंभीरता में समुद्र और धैर्य में हिमालय के समान है। उसका आशीर्वाद वरदान है। जरा कभी मां के पास बैठो, उसकी सुनो, उसको देखो, उसकी बात मानो। उसका आशीर्वाद लेकर, उसके दर्शन करके निकलो। फिर देखो, जो चाहोगे मिलेगा- सुख, शांति, शोहरत और कामयाबी। ध्यान रहे, मां का दिल दुखाने का मतलब ईश्वर का अपमान है।

संसार महा-व्यक्तियों के बिना रह सकता है, लेकिन मां के बिना रहना एक अभिशाप की तरह है। इसलिये संसार मां का महिमामंडन करता है, उसके गुणगान करता है, इसके लिये मदर्स डे, मातृ दिवस या माताओं का दिन चाहे जिस नाम से पुकारें दिन निर्धारित है। अमेरिका में मदर्स डे की शुरुआत 20वीं शताब्दी के आरंभ के दौर में हुई। विश्व के विभिन्न भागों में यह अलग-अलग दिन मनाया जाता है। मदर्ड डे का इतिहास करीब 400 वर्ष पुराना है। प्राचीन ग्रीक और रोमन इतिहास में मदर्स डे मनाने का उल्लेख है। भारतीय संस्कृति में मां के प्रति लोगों में अगाध श्रद्धा रही हैं, लेकिन आज आधुनिक दौर में जिस तरह से मदर्स डे मनाया जा रहा है, उसका इतिहास भारत में बहुत पुराना नहीं है। इसके बावजूद दो-तीन दशक से भी कम समय में भारत में मदर्स डे काफी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

मातृ दिवस-समाज में माताओं के प्रभाव व सम्मान का उत्सव है। मां शब्द में संपूर्ण सृष्टि का बोध होता है। मां के शब्द में वह आत्मीयता एवं मिठास छिपी हुई होती है, जो अन्य किन्हीं शब्दों में नहीं होती। मां नाम है संवेदना, भावना और अहसास का। मां के आगे सभी रिश्ते बौने पड़ जाते हैं। मातृत्व की छाया में मां न केवल अपने बच्चों को सहेजती है बल्कि आवश्यकता पड़ने पर उसका सहारा बन जाती है। समाज में मां के ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है, जिन्होंने अकेले ही अपने बच्चों की जिम्मेदारी निभाई। मां रूपी सूरज चरेवैति-चरेवैति का आह्वान है। उसी से तेजस्विता एवं व्यक्तित्व की आभा निखरती है। उसका ताप मन की उम्मीदों को कभी जंग नहीं लगने देता। उसका हर संकल्प मुकाम का अन्तिम चरण होता है। मातृ दिवस सभी माताओं का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। एक बच्चे की परवरिश करने में माताओं द्वारा सहन की जानें वालीं कठिनाइयों के लिये आभार व्यक्त करने के लिये यह दिन मनाया जाता है। इस दिन लोग अपनी मां को ग्रीटिंग कार्ड और उपहार देते हैं। कवि रॉबर्ट ब्राउनिंग ने मातृत्व को परिभाषित करते हुए कहा है- सभी प्रकार के प्रेम का आदि उद्गम स्थल मातृत्व है और प्रेम के सभी रूप इसी मातृत्व में समाहित हो जाते हैं। पे्रम एक मधुर, गहन, अपूर्व अनुभूति है, पर शिशु के प्रति मां का प्रेम एक स्वर्गीय अनुभूति है।

'मां!' यह वो अलौकिक शब्द है, जिसके स्मरण मात्र से ही रोम-रोम पुलकित हो उठता है, हृदय में भावनाओं का अनहद ज्वार स्वतः उमड़ पड़ता है और मनो:मस्तिष्क स्मृतियों के अथाह समुद्र में डूब जाता है। 'मां' वो अमोघ मंत्र है, जिसके उच्चारण मात्र से ही हर पीड़ा का नाश हो जाता है। 'मां' की ममता और उसके आंचल की महिमा को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता है, उसे सिर्फ महसूस किया जा सकता है, जिसने आपको और आपके परिवार को आदर्श संस्कार दिए। उनके दिए गए संस्कार ही मेरी दृष्टि में आपकी मूल थाती है। जो हर मां की मूल पहचान होती है। हर संतान अपनी मां से ही संस्कार पाता है। लेकिन मेरी दृष्टि में संस्कार के साथ-साथ शक्ति भी मां ही देती है। इसलिए हमारे देश में मां को शक्ति का रूप माना गया है और वेदों में मां को सर्वप्रथम पूजनीय कहा गया है।

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।




**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) :** आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) :** सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) :** कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) :** किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) :** परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) :** आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) :** आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) :** व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) :** आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) :** आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) :** आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।


**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) :** आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# जनसंख्या नियंत्रण के लिये आम सहमति बने

प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। बढती आबादी जिसे जनसंख्या विस्फोट का नाम दिया जाता हैं। यह भारत और सम्पूर्ण विश्व समुदाय के लिए आने वाली सबसे विकट समस्याओं में से एक हैं। अत्यधिक तेज गति से बढ़ती जनसंख्या के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से ही यह दिवस मनाया जाता है। यह जागरूकता मानव समाज की नई पीढ़ियों को बेहतर जीवन देने का संदेश देती है। बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, प्रदूषण मुक्त वातावरण सहित अन्य आवश्यक सुविधाएँ भविष्य में देने के लिए छोटे परिवार की महती आवश्यकता निरन्तर बढ़ती जा रही है। प्राकृतिक संसाधनों का समुचित दोहन कर मानव समाज को सर्वश्रेष्ठ बनाए रखने और हर इंसान के भीतर इन्सानियत को बरकरार रखने के लिए यह बहुत जरूरी हो गया है कि 'विश्व जनसंख्या दिवस' की महत्ता को समझा जाए।

भारत की आबादी दुनिया में सबसे ज्यादा होनेवाली है। निकट भविष्य में हम चीन को पीछे छोड़ कर 150 करोड़ के आंकड़े को छू लेने वाले है। दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी का देश होना कोई गर्व की बात नहीं है। बढ़ती आबादी एवं सिकुड़ते संसाधन एक त्रासदी है, एक विडम्बना है, एक अभिशाप है। क्योंकि जनसंख्या के अनुपात में संसाधनों की वृद्धि सीमित है। जनसंख्या वृद्धि ने कई चुनौतियों को जन्म दिया है किंतु इसके नियंत्रण के लिये कानूनी तरीका एक उपयुक्त कदम नहीं माना जा सकता। भारत की स्थिति चीन से पृथक है तथा चीन के विपरीत भारत एक लोकतांत्रिक देश है जहाँ हर किसी को अपने व्यक्तिगत जीवन के विषय में निर्णय लेने का अधिकार है। भारत में कानून का सहारा लेने के बजाय जागरूकता अभियान, शिक्षा के स्तर को बढ़ाकर तथा गरीबी को समाप्त करने जैसे उपाय करके जनसंख्या नियंत्रण के लिये प्रयास होने चाहिये। परिवार नियोजन से जुड़े परिवारों को आर्थिक प्रोत्साहन दिया जाना चाहिये तथा ऐसे परिवार जिन्होंने परिवार नियोजन को नहीं अपनाया है उन्हें विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से परिवार नियोजन हेतु प्रेरित करना चाहिये। बेहतर तो यह होगा कि शादी की उम्र बढ़ाई जाए, स्त्री-शिक्षा को अधिक आकर्षक बनाया जाए, परिवार-नियंत्रण के साधनों को मुफ्त में वितरित किया जाए, संयम को महिमा-मंडित किया जाए और छोटे परिवारों के लाभों को प्रचारित किया जाए। शारीरिक और बौद्धिक श्रम के फासलों को कम किया जाए।

भारत में बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने में राजनीति एवं तथाकथित स्वार्थी राजनीतिक सोच है। अधिकांश कट्टरवादी मुस्लिम समाज लोकतांत्रिक चुनावी व्यवस्था का अनुचित लाभ लेने के लिए अपने संख्या बल को बढ़ाने के लिये सर्वाधिक इच्छुक रहते हैं



### विचार बिन्दु

**इसके वितरीत विभिन्न मुस्लिम देश टर्की, अल्जीरिया, ट्यूनीशिया, मिस्र, सीरिया, ईरान, यू.ऐ. ई., सऊदी अरब व बांग्लादेश आदि ने भी कुरान, हदीस, शरीयत आदि के कठोर रुढ़ीवादी नियमों के उपरांत भी अपने-अपने देशों में जनसंख्या वृद्धि दर नियंत्रित करने के कठोर उपक्रम किये हैं। फिर भी विश्व में भूमि व प्रकृति का अनुपात प्रति व्यक्ति संतुलित न होने से पृथ्वी पर असमानता बढ़ने के कारण गंभीर मानवीय व प्राकृतिक समस्याएं उभर रही है। सभी मानवों की आवश्यकता पूर्ण करने के लिए व्यावसायीकरण बढ़ रहा है।**



ललित गर्ग

और इसके लिये कुछ राजनीतिक दल उन्हें प्रेरित भी करते हैं। ऐसे दलों ने ही उद्घोष दिया है कि ‟जिसकी जितनी संख्या भारी सियासत में उसकी उतनी हिस्सेदारी।''जनसंख्या के सरकारी आकड़ों से भी यह स्पष्ट होता रहा हैं कि हमारे देश में इस्लाम सबसे अधिक गति से बढ़ने वाला संप्रदाय-धर्म बना हुआ हैं। इसलिए यह अत्यधिक चिंता का विषय है कि ये कट्टरपंथी अपनी जनसंख्या को बढ़ा कर स्वाभाविक रूप से अपने मताधिकार कोष को बढ़ाने के लिए भी सक्रिय हैं। सीमावर्ती प्रांतों जैसे पश्चिम बंगाल, आसाम, कश्मीर आदि में वाकायदा पडौसी देशों से मुस्लिमों की घुसपैठ कराई जाती है और उन्हें देश का नागरिक बना दिया जाता है, यह एक तरह का ‟जनसंख्या जिहाद” है क्योंकि इसके पीछे इनका छिपा हुआ मुख्य ध्येय हैं कि हमारे धर्मनिरपेक्ष देश का इस्लामीकरण किया जाये।

इसके वितरीत विभिन्न मुस्लिम देश टर्की, अल्जीरिया, ट्यूनीशिया, मिस्र, सीरिया, ईरान, यू.ऐ. ई., सऊदी अरब व बांग्लादेश आदि ने भी कुरान, हदीस, शरीयत आदि के कठोर रुढ़ीवादी नियमों के उपरांत भी अपने-अपने देशों में जनसंख्या वृद्धि दर नियंत्रित करने के कठोर उपक्रम किये हैं। फिर भी विश्व में भूमि व प्रकृति का अनुपात प्रति व्यक्ति संतुलित न होने से पृथ्वी पर असमानता बढ़ने के कारण गंभीर मानवीय व प्राकृतिक समस्याएं उभर रही है। सभी मानवों की आवश्यकता पूर्ण करने के लिए व्यावसायीकरण बढ़ रहा है। बढ़ती हुई जनसंख्या संसाधनों को खा रही है। औद्योगीकरण होने के कारण प्रदूषण बढ़ रहा है व बढ़ती आवश्यक वस्तुओं की मांग पूरी करने के लिए मिलावट की जा रही है। जिससे स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएं बढ़ रही है। इसके अतिरिक्त वायु प्रदूषण, कूड़े-कर्कट के जलने पर धुआं, प्रदूषित जल व खाद्य-पदार्थ, घटते वन व चारागाह, पशु-पक्षियों का संकट, गिरता जल स्तर व सूखती नदियां, कुपोषण व भयंकर बीमारियां, छोटे-छोटे झगड़ें, अतिक्रमण, लूट-मार, हिंसा, अराजकता, नक्सलवाद व आतंकवाद इत्यादि अनेक मानवीय आपदाओं ने भारत भूमि को विस्फोटक बना दिया है। फिर भी जनसंख्या में बढ़ोत्तरी की गति को सीमित करने के लिए सभी नागरिकों के लिए कोई एक समान नीति नहीं हैं । प्राप्त आंकडों के अनुसार हमारे ही देश में वर्ष 1991, 2001 और 2011 के दशक में प्रति दशक क्रमशः 16.3 , 18.2 व 19.2 करोड़ जनसंख्या और बढ़ी है। जबकि उपरोक्त वृद्धि के अतिरिक्त बांग्लादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और म्यांमार आदि से निरंतर आने वाले घुसपैठिये व अवैध व्यक्तियों की संख्या भी लगभग 7 करोड़ होने से एक और गंभीर समस्या हमको चुनौती दे रही है । इन अराजक होती स्थितियों को नियंत्रित करके ही हम जनसंख्या विस्फोट की समस्या से मुक्ति पा सकते हैं।

इसके विपरीत किसी देश में युवा तथा कार्यशील जनसंख्या की अधिकता तथा उससे होने वाले आर्थिक लाभ को जनसंख्या के लाभ के रूप में देखा जाता है। भारत में मौजूदा समय में विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या युवाओं की है, यदि इस आबादी का उपयोग भारत की अर्थव्यवस्था को गति देने में किया जाए तो यह भारत को लाभ प्रदान करेगा। किंतु यदि शिक्षा गुणवत्ता परक न हो, रोजगार के अवसर सीमित हों, स्वास्थ्य एवं आर्थिक सुरक्षा के साधन उपलब्ध न हों तो बड़ी कार्यशील आबादी एक अभिशाप का रूप धारण कर सकती है। अतः विभिन्न देश अपने संसाधनों के अनुपात में ही जनसंख्या वृद्धि पर बल देते हैं। भारत में वर्तमान स्थिति में युवा एवं कार्यशील जनसंख्या अत्यधिक है किंतु उसके लिये रोजगार के सीमित अवसर ही उपलब्ध हैं। ऐसे में यदि जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित न किया गया तो स्थिति भयावह हो सकती है। इसी संदर्भ में हाल ही में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनसंख्या नियंत्रण की बात कही है। यह ऐसी समस्या है जिसे धर्म, जाति, सम्प्रदाय के संकीर्ण नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए। जनसंख्या वृद्धि एक नयी चुनौती बनकर हमारे सामने आई और आज भी इस पर काबू पाने में सरकार को कठिनाई हो रही है। जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणाम देश को भोगने पड़ रहे हैं। अधिक जनसंख्या के कारण बेरोजगारी की विकराल समस्या उत्पन्न हो गयी है। लोगों के आवास के लिए कृषि योग्य भूमि और जंगलों को उजाड़ा जा रहा है। यदि जनसंख्या विस्फोट यूं ही होता रहा तो लोगों के समक्ष रोटी कपड़ा और मकान की विकराल स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। इससे बचने का एक मात्र उपाय यही है की हम येन केन प्रकारेण बढ़ती आबादी को रोकें। अन्यथा विकास का स्थान विनाश को लेते अधिक देर नहीं लगेगी। सरकार को इस विशेष अवसर पर सबकी सहमति से जनसंख्या नियंत्रण पर कानून का निर्धारण करना चाहिए।

# ऐतिहासिक है दिल्ली का बिड़ला मंदिर, महात्मा गांधी ने किया था उद्घाटन

दिल्ली के प्रमुख स्थलों में से एक है लक्ष्मी नारायण मंदिर जिसे बिड़ला मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। मंदिर से जुड़ी खास बात यह है कि 1938 में बने इस मंदिर का उद्घाटन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने किया था। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के प्रमुख स्थलों में से एक है लक्ष्मी नारायण मंदिर जिसे बिड़ला मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। मंदिर से जुड़ी खास बात यह है कि 1938 में बने इस मंदिर का उद्घाटन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने किया था। उस समय गांधीजी ने कहा था कि इस मंदिर के द्वार सदैव सभी के लिए खुले रहने चाहिए और इसमें जाति अथवा धर्म के नाम पर किसी से कोई भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। इस मंदिर में होने वाले जन्माष्टमी महोत्सव की धूम पूरी दिल्ली में रहती है। उस समय श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या मंदिर में जुटती है और कलाकारों द्वारा रासलीला का मंचन किया जाता है। इसके अलावा यहां नवरात्र और दीपावली के समय भी काफी आयोजन किये जाते हैं। दीपावली पर मंदिर की साज सज्जा देखने लायक होती है। साढ़े सात एकड़ परिसर में स्थित इस मंदिर का वास्तुशिल्प विदेशी सैलानियों को भी खूब आकर्षित करता है। दिल्ली के हृदय स्थल क्नाट प्लेस से कुछ ही दूरी पर स्थित यह मंदिर सदैव कड़ी सुरक्षा और सीसीटीवी



की निगरानी में रहता है।

इस मंदिर का निर्माण उडियन शैली में किया गया है। बताया जाता है कि इस मंदिर का सबसे पहले 1622 में वीर सिंह देव ने निर्माण करवाया था। बाद में पृथ्वी सिंह ने 1793 में इसका जीर्णोद्धार करवाया। 1938 में भारत के मशहूर औद्योगिक परिवार बिड़ला समूह ने इसका विस्तार कार्य करवाया। तभी से इसे बिड़ला मंदिर के नाम से जाना जाता है। इस समय जो मंदिर है उसका बाहरी हिस्सा सफ़ेद संगमरमर और लाल बालु पत्थर से बना है। इसे देखते ही मुगल शैली की याद आ जाती है। मंदिर के पिछले भाग में बगीचे और फव्वारे तथा आगे के भाग में तीन और दो मंजिला बरामदे हैं। मुख्य बरामदे में लक्ष्मी नारायण की भव्य मूर्ति स्थापित है। साथ ही मंदिर परिसर में भगवान शिव, गौतम बुद्ध और भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर भी स्थित हैं। इसके अलावा कई कमरों में विभिन्न देवी देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित हैं। मंदिर के पिछले भाग में दो गुफाएं और एक सरोवर भी है। बताया जाता है कि बनारस के आचार्य विश्वनाथ शास्त्री के नेतृत्व में सौ से ज्यादा मूर्ति कलाकारों ने मंदिर में मूर्तियों और भवनों को नया शिल्प प्रदान किया। मंदिर में जयपुर का मार्बल और कोटा पत्थर का काफी प्रयोग किया गया है। परिसर में मौजूद गीता भवन पूरी तरह भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित है। मंदिर तक पहुंचने के लिए दिल्ली में कहीं से भी बस या टैक्सी ली जा सकती है और अब तो यहां मेट्रो ट्रेन से भी पहुंचा जा सकता है। निकटवर्ती मेट्रो स्टेशन आर.के. आश्रम मार्ग है। यहां आने वाले लोगों की बड़ी संख्या को देखते हुए पार्किंग की भी अच्छी व्यवस्था है।

दिल्ली के अलावा अन्य लक्ष्मी नारायण मंदिर जिन्हें बिड़ला मंदिर के नाम से जाना जाता है, वह आंध्र प्रदेश के हैदराबाद, राजस्थान के जयपुर, पश्चिम बंगाल के कोलकाता, उत्तर प्रदेश के मथुरा, हरियाणा के कुरुक्षेत्र, मध्य प्रदेश के भोपाल, बिहार के पटना, उत्तर प्रदेश के वाराणसी, महाराष्ट्र के उल्हासनगर और अकोला शहर में स्थित हैं।




## 05 नवम्बर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

2001 फिजी में अंतरिम सरकार का इस्तीफ़ा।

2002 इस्लामाबाद में दक्षेस सूचना मंत्रियों का सम्मेलन शुरू, सम्मेलन के दौरान पाकिस्तानी राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने पुनः द्विपक्षीय मुद्दे उठाये।

2003 राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रो को क्यूबा की संसद ने छठे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति निर्वाचित किया, वे दुनिया के सबसे लम्बे समय तक शासन करने वाले शासनाध्यक्ष हैं।

2006 ईरान के राष्ट्रपति ने देश की परमाणु गतिविधियों पर रोक के लिए संयुक्त राष्ट्र परमाणु एजेंसी से क्षतिपूर्ति की मांग की।

2007 भारत और पाकिस्तान आतंकवाद पर जांच में मदद के लिए तैयार।

2008 त्रिपुरा विधान सभा चुनाव में सत्तारूढ़ लेफ़्ट फ़्रंट ने लगातार चौथी बार जीत दर्ज की।
अंतरिक्ष यात्रियों ने मंगल ग्रह पर झील की खोज की।

2009 प्रमुख धातु कम्पनी स्टरलाइट इंडस्ट्रीज ने अमेरिका की तीसरी सबसे बड़ी कॉपर उत्पादक कम्पनी एसार्को के अधिग्रहण की घोषणा की।

जन्मे व्यक्ति

1955 अनुपम खेर, भारतीय अभिनेता।

1949 ग़ुलाम नबी आज़ाद, भारतीय राजनीतिज्ञ।

1911 अज्ञेय, सच्चिदानंद हीरानन्द वात्स्यायन, हिन्दी के सुप्रसिद्ध साहित्यकार

# भगवान का स्वरूप है महिलायें

### विचार बिन्दु



शहनाज हुसैन

**हालांकि समय परिवर्तनशील है लेकिन माँ हमेशा निस्वार्थ भाव से काम करते हुए आत्म बलिदानी की तरह अपने बच्चों की खुशी को स्वयं से ज्यादा महत्वपूर्ण मानती है।**

एक दार्शनिक ने कहा है कि ''भगवान हर जगह नहीं पहुच सकते, इसलिए उन्होंने माँ बना दी'' मातृत्व महिलाओं को भगवान की असीम कृपा से मिलता है। माँ को विश्वभर में स्नेह से पूजा जाता है। माँ तथा बच्चे के बीच अतुल्नीय रिश्ता होता है। पूरे भ्रमाण्ड में माँ एक जैसी पाई जाती है तथा यह अन्य सभी प्राणियों के मुकाबले कहीं ज्यादा सबल, सशक्त, प्रबल तथा तेज होती है। एक महिला होने के नाते मुझे माँ बनने का असीम आनन्द अनुभव हुआ है। माँ बच्चे के बीच के अदभूत रिश्ते के आनन्द को पाने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मेरी नजर में मातृत्व बिना किसी शर्त के माँ और बच्चे के बीच असीम तथा निःस्वार्थ प्यार को दर्शाता है जिसमें कोई चाहत नहीं होती। भगवान की कृपा से मुझे 16 वर्ष की छोटी आयु में ही बेटी का वरदान मिला तथा मैं बेटी नीलोफर की माँ बनी। कम उम्र में माँ बनने के काफी फायदें भी होते है। हम दोनों माँ बेटी एक दोस्त की तरह बड़ी हुई तथा बहनों की तरह व्यवहार करती थी। अपने बच्चे के साथ-साथ बड़े होने का बहुत ही सुखद अनुभव होता है। मुझे उन दोनों में अपनी लन्दन यात्रा आज भी रोमांचित लगती है जब हम दोनों दोस्त की तरह शापिंग करते हुए स्कूली सहलियों की तरह हंसी-मजाक करती थी। एक माँ के रूप में मुझे एक पुत्र की मौत का सदमा भी लगा है। एक बच्चे के खो देने की अपूर्णीय क्षति को समझना या अहसान करना ही अत्यन्त कठिन होता है। लेकिन अपने बेटे के खो देने के बाद मैंने अपने आपको प्रभू के चरणों में समर्पित कर दिया तथा भगवान की इच्छा के आगे समर्पण कर दिया जिससे मुझे आन्तरिक शक्ति मिली तथा मैं शोक एवं आपदा के बावजूद पहले से मजबूत होकर उभरी। महिला दिवस पर मैं अपनी पूज्नीय माता जो की भावभीनी श्रृदांजलि अर्पित करती हूं। वह हैदराबाद के शाही परिवार के निजाम के परिवार की राजकुमारी थी। मेरी माताश्री एक सौम्य, सुन्दर, आकर्षक तथा शालीन महिला थी। उनका दूध और गुलाब जैसा साफ गोरा रंग रूप था। मेरी माँ की प्रेरणा से ही मैंने प्राकृतिक के महत्व को जाना। मेरी माताश्री अपनी त्वचा व बालों के लिए घर की रसोई तथा बगीची में विद्यमान विभिन्न जड़ी बूटियों तथा प्राकृतिक उत्पादों से सौन्दर्य प्रसाधन बनाकर उपयोग करती थी जिससे मुझे भी यह आदत पड़ गई तथा बाद में यह मेरी धुन तथा शौक बन गया।

मैंने अपना पहला हर्बल क्लीनिक अपने घर में ही खोला था इसलिए मैं अपने बच्चों के लिए हमेशा उपलब्ध रहती थी। मेरे बच्चे जब भी स्कूल से वापिस आते तो मुझे घर में पाकर प्रफूलित होकर लिपट जाते थे। मेरी बेटी अक्सर मेरे क्लीनिक में मेरी छोटी-मोटी मदद करती रहती थी। मेरे जीवन का यह समय सबसे ज्यादा रोचक और रोमांचक था क्योंकि उस समय हमारा व्यापार धीरे-धीरे सुदृढ़ता से बढ़ रहा था तथा मेरी बेटी मेरी सफलता में महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो रही थी। अपने जीवन के अत्यन्त व्यस्त तथा चुनौती भरे क्षणों में भी मैं हमेशा अपने बच्चों के साथ पारिवारिक छुट्टियों मनाने हर साल लन्दन जाती थी। मेरे बच्चे जब बहुत छोटे थे तो उनके साथ परिवार में बिताए पलअब भी मेरे जीवन के सबसे महत्वपूर्ण क्षण है। मैं साप्ताह के अन्त में शनिवार, रविवार को अपने बच्चों के साथ दिल्ली में हमारे जडी-बूटी तथा फूलों के फार्म में क्वालिटी समय व्यतीत करती थी। उस स्थल पर भी अपने बच्चों के साथ आत्मीय क्षणों को गुजार कर अपने आपको तरोताजा, आरामदेह तथा तनावमुक्त रखती थी। आज महिलाओं को पत्नी, माँ, व्यवसायिक कैरियर प्रोफैशनल आदि अनेक भूमिकाऐं अदा करनी पड रही है।

महिलाओं को भारतीय समाज के परिपेक्ष में पारिवारिक रिश्तों और सामाजिक सम्बन्धों में पहले की अपेक्षा ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी पड रही है। आधुनिक समाज में कामकाजी महिलाओं के बच्चे स्वतंत्र एवं जिम्मेदारी से बड़े हो रहे है। वास्तव में आधुनिक समय के बच्चें अपनी माताओं की विभिन्न भूमिकाओं को सराहते है तथा पसन्द भी करते है। कामकाजी महिलाऐं ज्यादा स्वास्थ्य उदारचित, स्वतन्त्र विचारों की वाहक होती है। वह आज के प्रतिस्पर्धापूर्ण माहौल में बच्चों को बेहतर सलाह नेतृत्व, मार्गदर्शन तथा नेतृत्व प्रदान कर सकती है।

हालांकि समय परिवर्तनशील है लेकिन माँ हमेशा निस्वार्थ भाव से काम करते हुए आत्म बलिदानी की तरह अपने बच्चों की खुशी को स्वयं से ज्यादा महत्वपूर्ण मानती है। कहा जाता है कि माँ के प्यार में भगवान का आशीस मिलती है। इस महिला दिबस पर अपनी माताश्री की कद्र करते हुए उनका सम्मान कीजिए।

# कम हो तनाव तो केश रहे लाजवाब


**चिंता चिता के समान होता है, जितनी जल्दी जला दें अच्छा है। यहां तो चिंताओं के बीच ही लोग जीवन-यापन के तौर-तरीके सीखते हैं। किसी की जेब में पैसे नहीं है तो किसी को नौकरी की चिंता सता रही है। इसी चिंता की चिता में नौजवानों के बाल जल रहे हैं। केशों का टूटना या यों कहें कि गंजापन की अंधी दौर चल पड़ी है। जिसमें बहुत कम ही लोग सुरक्षित हैं। ऐसे में भी डॉक्टर मानते हैं कि बाल गिरना एक चिकित्सकीय बीमारी है, जिसका निदान संभव है। हेयर ट्रांसप्लांट व त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमित शर्मा कहते हैं कि बाल कम होने के अनेकों कारण है। पैसों की कमी के बीच भी जीवन तनाव मुक्त जीया जा सकता है। खानपान का भी केश पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है। डॉक्टर मानते हैं कि शुरू से ही कुछ चीजों का खयाल रखें तो गंजेपन की समस्या से बचा जा सकता है। बाल गिरने की रोकथाम करने और उपचार के लिए एक कारगर व सुरक्षित विकल्प के लिए डॉक्टर की सला ले सकते हैं।**

## रुसी या सिकरी है झड़ने का मूल कारण

सर की त्वचा में कुपोषण या रूखेपन के कारण जड़ों की त्वचा सूख कर झड़ने लगती है। जिसे सामान्य भाषा में रुसी या सिकरी कहा जाता है। रुसी होने पर बाल झाड़ने शुरू हो सकते हैं।

## सिर को साफ रखें

फंगल संक्रमणों से बचने के लिए अपने सिर को साफ रखें। अपने बालों को नियमित रूप से धोने, गंदगी को साफ करने और ज्यादा तेल की वजह से सिर की त्वचा के बंद हो जाने वाले छिद्रों को खोलने के लिए किसी हल्के शैम्पू का इस्तेमाल करें। आप अपने बालों को मुलायम बनाने और उलझने से रोकने के लिए किसी सौम्य कंडीशनर का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। सौम्य और प्राकृतिक हेयरस्टाइल तकनीकों का चुनाव करें।




## रुसी या सिकरी का उपचार

**बाल धोने के आधा घटे पूर्व एक-दो नीबू काटकर बालों में मल लें तथा हल्के गरम पानी से सर धो लें। इससे रुसी का सफाया हो जाता है। दो किलो पानी में नींबू रस निचोड़कर एक सप्ताह तक प्रतिदिन अच्छी प्रकार से केश धोएं। नारियल के तेल में तेल से आधा कपूर, नीबू का रस मिलाकर जड़ों में हलकी मालिश करें और रोज मोटे दात वाले कंघे से हल्के हाथों से मालिश करें। बालों को साबुन से न धोकर रीठा से धोएं।**



## बाल कम होने के कारण



चिंता, लंबी बीमारी या शैल्यक्रिया के कारण तनाव होना। प्रोटीन, आयरन, जिंक या बायोटिन जैसे आवश्यक पोषक पदार्थो की कमी होना। लिहाजा पोषक तत्वों से भरे खाद्य पदार्थो को तरजीह दें। यौन हार्मोनों के स्तर में अचानक बदलाव आना, मसलन महिलाओं में डिलीवरी के बाद। सिर में फंगल संक्रमण होना। हेयरड्रेसिंग (केश सज्जा) तकनीकों का इस्तेमाल करना, जैसे – कसकर गूंथना, मोड़ना या बालों को अत्यधिक तापमान में रखना। ब्लीचिंग, कलरिंग और परमिंग, जैसे – प्रबल रसायनों के इस्तेमाल से बालों का उपचार करना। ये बालों की जड़ों को कमजोर करते हैं और इसके कारण बाल टूटते और झड़ते हैं। एंटीबायोटिक्स, बीटा ब्लॉकर्स और कॉर्टीसोंस जैसी औषधियां लेना। कीमोथेरेपी बालों की कोशिकाओं को नष्ट कर सकती है।

## बालों का खयाल रखने के नुस्खे

हेलमेट, कंघियों, हेयरब्रशों और टोपियों को दूसरे लोगों के साथ साझा न करें। बाल गीले हों तो इन पर ब्रश या कंघी न करें। या बहुत कसकर ब्रश नहीं करें। चिंता, अवसाद और अत्यधिक उलेजना पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्यवर्द्धक और संतुलित आहार लें। हरी सब्जियां, नारियल, सोया, मछली, अंडे, लीवर और बादाम तथा अखरोट जैसी गिरियां आपके बालों को अच्छा पोषण प्रदान कर सकती है।

## हैप्पी रहने के 9 मंत्र

- जिस जगह या स्थान में जाने पर आपके मन को सुकून मिलता हो, ऐसी जगह पर बार-बार जाएं।
- एक कहावत है कि किसी को नाराज करने में एक मिनट का भी समय नहीं लगता, लेकिन किसी को हंसाने में कई घंटे बीत जाते हैं। इसलिए दूसरों को हंसने का अवसर अवश्य प्रदान करें।
- सकारात्मक सोच से कठिन से कठिन दिखाई देने वाले काम आसानी से संपन्न हो जाते हैं। यदि आप अपने मन में सकारात्मक भाव जाग्रत करेंगी तो आपका हर काम आसानी से पूरा हो जाएगा।
- अपनी छोटी-बड़ी हर उपलब्धि का जश्न मनाएं। कभी भी इस इंतजार में छोटी उपलब्धि को दरकिनार न करें कि जब बड़ी उपलब्धि हासिल होगी तो जश्न मनाएंगी।
- तन की सुंदरता के बजाय मन की सुंदरता को महत्व दें। तन की सुंदरता तो कुछ वर्षो की मेहमान है, जबकि मन की सुंदरता तो हमेशा साथ रहेगी।
- अपने आसपास के लोगों पर विश्वास करें। यदि आप हरेक को शंकालु दृष्टि से देखेंगी तो जिंदगी का आनंद उठाने से वंचित रह जाएंगी।
- कौन कैसा है इस बात पर ज्यादा दिमाग न लगाएं। इसके बजाय इस बात पर ध्यान केंद्रित करें कि आप अपने को और अच्छा कैसे बना सकती हैं।
- जो बात दिल में हो उसे कहने में संकोच न करें। कई बार हम अपने दिल की बात जुबां पर नहीं ला पाते और हमें बाद में पछताना पड़ता है।
- बिस्तर पर जाने से पहले सारी चिंताओं को अलग कर दें और बेफ्रिक होकर लेटें।

# त्वचा कहे नो चिपचिप

**तैलीय और चिपचिपी त्वचा चेहरे के आकर्षण को कम कर देती है, लेकिन ऐसी त्वचा की अगर सही देखभाल की जाए तो वह निखर उठेगी। इसके लिए आप यहां दिए कुदरती उपायों को अपनाएं। त्वचा का तैलीय होना सिबेशियस ग्लैंड्स के अत्यधिक सक्रिय होने का नतीजा होता है। त्वचा की कोमलता बरकरार रखने के लिए प्राकृतिक तेल जरूरी है, पर जब तैलीय ग्रंथियां अधिक तेल का सिक्रीशन करती हैं तो एक्ने और मुंहासों की समस्या शुरू हो जाती है। ऐसे में धूल-मिट्टी और प्रदूषण के कारण त्वचा के छिद्र भी बंद हो जाते हैं। अगर आप भी तैलीय त्वचा से परेशान हैं तो यहां दिए गए कुदरती उपायों को अपनाएं और पाएं साफ-सुथरी व निखरी त्वचा।**

## 6 टिप्स हैल्दी त्वचा के लिए

- सेब को छीलकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे व गर्दन पर लगाएं। 20 मिनट बाद हलके गुनगुने पानी से चेहरा साफ कर लें। सेब एएचए का बेहतरीन स्रोत होता है, जो त्वचा को टोन करता है। उसे मुलायम और कांतिमय बनाता है।
- एक टी स्पून चंदन पाउडर में गुलाबजल मिलाकर पेस्ट बनाएं। फिर उसे चेहरे पर लगाएं। सूखने पर पानी से धो लें। इससे त्वचा के दाग-धब्बे और एक्ने भी दूर होंगे।
- 1 टी स्पून बेसन में चुटकी भर हल्दी पाउडर, आधा नीबू का रस मिलाकर पेस्ट बनाएं। अगर आपको नीबू सूट नहीं करता है तो उसकी जगह पर दही मिला सकती हैं। आंखों के आसपास का हिस्सा छोड़कर लगाएं। सूखने पर हलके हाथों से मलते हुए छुड़ाएं। यह त्वचा का कालापन दूर करता है। हल्दी त्वचा की चमक बरकरार रखती है।
- तैलीय त्वचा को भी मॉयस्चराइजर की जरूरत होती है और इसके लिए आप शहद का इस्तेमाल कर सकती हैं। शहद एक बेहतरीन कुदरती मॉयस्चराइजर होता है। इसे चेहरे पर 15 मिनट लगाएं। फिर धो लें। यह त्वचा की जलन, मुंहासे और कालेपन को दूर करता है। साथ ही उसे कांतिमय और लचीली बनाता है।
- 1 टेबल स्पून चावल के आटे में 1 टेबल स्पून कॉर्नफ्लोर और नीबू के रस की कुछ बूंदें मिलाकर चेहरे पर लगाएं। फिर भीतर से बाहर की तरफगोलोई में हाथ घुमाते हुए कुछ देर मसाज करें। चावल का आटा डेड सेल्स हटाता है। त्वचा के छिद्र भी खोलता है, ताकि साफऑक्सीजन त्वचा के भीतर जा सके।
- 1 टेबल स्पून मुलतानी मिट्टी में अंडे की सफेदी, 1 टेबल स्पून ओट्स पाउडर, 1 टेबल स्पून कॉर्नफ्लोर और गुलाबजल मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार करें। इसे चेहरे व गर्दन पर लगाएं। 20 मिनट बाद चेहरा साफ कर लें।

## खीरे से बना फेस पैक फायदेमंद



यदि आपकी त्वचा तैलीय है तो खीरे का फेस पैक आपके लिए बहुत अच्छा एक अच्छा फेस पैक है। खीरे का फेस पैक बनाने के लिए एक खीरे में एक अंडे की सफेदी, 1 चम्मच नींबू का रस और पुदीने की 5-6 पत्तियों को मिलाकर पीस लें। अब इसे 10 मिनट के लिए फ्रिज में रख दें। उसके बाद इस पैक को चेहरे पर लगाएँ और कुछ देर बाद चेहरा ठंडे पानी से धो लें।

# चंदन एक फायदे अनेक



कीलमुंहासों के ठीक होने के बाद चेहरे पर किसी प्रकार के दागधब्बों को भी चंदन के लेप से साफ़ किया जा सकता है। चंदन का लेप केवल कीलमुंहासों को, ठीक नहीं करता बल्कि त्वचा को साफ़ कर नमी भी प्रदान करता है। 1 चम्मच चंदन पाउडर में आधा चम्मच पाउडर मिला कर पेस्ट बना कर चेहरे पर 20 मिनट लगाए रखने से केवल कीलमुंहासे कम नहीं हो, आप का चेहरा भी खिलाखिला प्रतीत होता है। बराबर मात्रा में चंदन पाउडर हलदी पाउडर मिला कर थोड़े दूध के साथ पेस्ट बनाएं, इस में चुटकी भर कपूर भी मिलाएं। इस लेप की चेहरे पर मालिश कर रात भर लगा रहने दें। इस से आप को ठंडक के एहसास के साथसाथ चेहरे के दागधब्बे दूर होने का फायदा भी मिलेगा।

## साइड इफैक्ट नहीं

चंदन का प्रयोग प्राचीन काल से चला आ रहा है। खासकर आयुर्वेद में चंदन का प्रयोग खूब किया गया है। किसी प्रकार का घाव, फोड़ेफुंसी, कटनाछिलना आदिसभी पर चंदन के लेप से आराम मिलता है। यह एक कीमती पेड़ है, जो दक्षिण भारत में ज्यादातर पाया जाता है। चंदन का उबटन शादी से पहले नववधू लगाती है ताकि उस के चेहरे और काया की चमक बनी रहे। यह एक प्राकृतिक पदार्थ है, इसलिए इस के नियमित प्रयोग से किसी प्रकार का साइड इफेक्ट नहीं होता।

## इस की खूबियाँ

चंदन में कीटाणुनाशक विशेषता होने की वजह से यह हर्बल एंटीसेप्टिक है, इसलिए किसी भी प्रकार के छोटे घाव और खरोंच को ठीक करता है। यह जलने से हुए घाव को भी ठीक कर सकता है।

शरीर के किसी भाग पर खुजली होने पर चंदन पाउडर में हल्दी और एक चम्मच नीबू का रस मिला कर लगाने से खुजली तो दूर होगी ही, साथ में त्वचा की लालिमा भी कम होगी। चंदन का तेल सूखी त्वचा के लिए गुणकारी होता है। यह सूखी त्वचा को नमी प्रदान करता है।



# मुल्तानी मिट्टी जरूर इस्तेमाल करें



अगर आप महंगे-महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट, शैम्पू, ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल करते हुए थक चुकी हैं, फिर भी आपको कोई फ़ायदा नहीं हुआ है तो एक बार मुल्तानी मिट्टी ज़रूर इस्तेमाल करके देखें। जानी-मानी सौन्दर्य विशेषज्ञ भारती तनेजा का कहना है कि मुल्तानी मिट्टी सौन्दर्य का खज़ाना है। ये नेचुरल कंडीशनर भी है और ब्लीच भी। ये सौन्दर्य निखारने का सबसे सस्ता और आयुर्वेदिक नुस्खा है। साथ-ही मुल्तानी मिट्टी सभी फेस पैक का बेस होती है। चेहरे पर मुल्तानी मिट्टी का लेप लगाने से रंगत निखरती है और बालों में लगाने से वे घने, मुलायम और काले हो जाते हैं। मुहांसों की समस्या से परेशान लोगों के लिए तो मुल्तानी मिट्टी सबसे कारगर इलाज है, क्योंकि मुल्तानी मिट्टी चेहरे का तेल सोख लेती है, जिससे मुहांसे सूख जाते हैं। तैलीय त्वचा के लिए मुल्तानी मिट्टी में दही और पुदीने की पत्तियों का पाउडर मिला कर उसे आधे घंटे तक रखा रहने दें, फिर अच्छे से मिला कर चेहरे और गर्दन पर लगाएं। सूखने पर हल्के गर्म पानी से धो दें। ये तैलीय त्वचा को चिकनाई रहित रखने का कारगर नुस्खा है। एक चम्मच मुल्तानी मिट्टी पाउडर में एक अंडे का सफेद भाग और पुदीने की पत्तियों को पीसकर पेस्ट बना लें। ये पैक हफ्ते में तीन बार लगाएं।

# पथरी से सावधान




पेशाब की पथरी पेशाब में उपस्थित लवणों व खनिजों के जमाव से बनते हैं। ये आमतौर पर मध्य आयु यानि की चालीस साल या उसके बाद पता लगने शुरू होते है। जब लवणों और खनिजों की परतें विभिन्न जगहों पर जमा होती जाती हैं तो इन पत्थरों का आकार बढ़ता जाता है। ये पत्थर आमतौर पर कैल्शियम के फास्फेट और ऑक्जेलेट होते हैं। ये सभी लवण और खनिज खाने की चीजो व पानी से शरीर में आए होते है। कुछ सब्ज़ियाँ जैसे पालक, अरबी के पत्ते और टमाटरों में बहुत अधिक लवण होते हैं। जमीनी पानी में भी काफी सारे लवण होते हैं। कुएँ या बोरवेल का पानी यह भी पथरी बनने का कारण होता है। ये लवण धीरे-धीरे करके शरीर में जमा हो जाते हैं और पत्थर बना लेते हैं। पेशाब के पत्थर आकृति और आकार में अलग-अलग होते हैं। आमतौर पर ये उसी जगह का आकार ले लेते हैं जिसमें ये बनते हैं। इसलिए मूत्रवाहिनी के पत्थर लम्बे होते हैं और मूत्राशय में बने पत्थर गोल होते हैं। गुर्दे में बने पत्थर या तो कीप के आकार के होते हैं या अनियमित आकार के जैसे कि हिरण के सींग। फोस्फेट और कॉर्बोनेट के पत्थरों की सतह मुलायम होती है और ऑक्सेलेट के पत्थरों की खुरदुरी। इस कारण से ऑक्सेलेट के पत्थरों के कारण खून भी निकल सकता है। कुपोषित बच्चों के मूत्राशय में कभी कभी बड़े-बड़े पत्थर बन जाते हैं। ये कुपोषण के कारण शरीर के प्रोटीन के टूट जाने के कारण बनते है। जिसमें पेशाब में फालतू पदार्थे का जमाव हो जाता है। ये कण लवणों के और जमाव के लिए केन्द्रक के रूप में काम करते हैं। पत्थर नींबू समान बड़े भी हो सकते हैं।

## गुर्दे की कीप में पत्थर

गुर्दे की कीप में पत्थर कई सालों तक महसूस हुए बिना शरीर में पड़े रह सकते हैं। अक्सर उस व्यक्ति को पता लगने से कही पहले गुर्दे खराब हो चुके होते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि यह बीमारी काफी धीमी होती है और एक गुर्दे के खराब होने पर दूसरा उसका काम चला लेता है। कुछ मामलों में थोड़ी सी बेआरामी हो सकती है। यह गुर्दे के क्षेत्र तक ही सीमित होती है। और यह हल्का दर्द पीठ के तरफ ज़्यादा महसूस होता है। कभी-कभी कीप के क्षेत्र में पेशाब के इकट्ठे हो जाने के कारण गुर्दे सूज भी जाते हैं। कभी-कभी ऐसा बड़ा गुर्दा एक गांठ जैसे की हाथ से ही महसूस हो जाता है। कभी-कभी यह समस्या गुर्दे में संक्रमण के रूप में सामने आती है। कभी-कभी गुर्दे की पेशियाँ पत्थर को कीप से नीचे मूत्रवाहिनी की ओर धकेलती है। ऐसे में एक खास तरह का तेज पेट दर्द नीचे की ओर जाता हुए महसूस होता है। यह दर्द लहरों के रूप में उठता है।

## दर्द

मूत्रवाहिनी शूल (दर्द) एक खास तरह का दर्द है जो इस तरह की पथरी से होता है। दर्द पेट में मूत्रतंत्र तक सीमित होता है। यह पेट की मध्यरेषा के दायें या बाएँ ओर होता है। रोगी दर्द से कराहता है। वो या तो उस क्षेत्र को दबाकर या फिर एक तरफ को लेटकर दर्द को दबाने की कोशिश करता है। दर्द मूत्रमार्ग की ओर बढ़ता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि मूत्रनलिका और मूत्रवाहिनी की तंत्रिकाओं की जुड़ी समान होती हैं।

## मूत्राशय में पथरी

पेशाब करना थोडा मुश्किल होता है। ये पत्थर मुख्यत: मूत्रवाहिनी से आते है। कभी-कभी सीधे मूत्राशय में भी पत्थर बन सकता है। कुपोषित बच्चों में ऐसा होता है। इसके लक्षणों में मुख्यत: मूत्राशय शोथ या पेशाब अटकना शामिल है। मूत्राशय शोथ में खास तरह की जलन, और ऐठन वाला दर्द, बुखार, पेशाब में गन्दलापन और बार-बार पेशाब करने की इच्छा होती है। मूत्राशय में हुए पत्थरों से कुछ रोगियों के पेशाब में रक्त स्त्राव दिखाई देता है। मूत्राशय के पत्थरों के कारण पेशाब रूकने की एक खास विशेषता है रोगी की स्थिति से इसका सम्बन्ध। जब रोगी खड़ा होता है या पेशाब करने के लिए बैठा होता है उस समय ये पत्थर मूत्राशय के निकास मुँह पर गेंद की तरह पड़ा रहता है रोगी जितना ज़्यादा जोर लगाता है उतना ही ज़्यादा रोक लगती है। परन्तु अगर रोगी लेटे लेटे पीठ के बल या करवट से पेशाब करने की कोशिश करे तो पत्थर मूत्राशय के निकास मुँह से लुढ़क जाता है। इससे पेशाब बाहर निकल सकती है। कभी-कभी छोटे पत्थर या कंकड़ बड़े पत्थरों के छोटे-छोटे टुकड़े मूत्रमार्ग में से निकल जाते हैं।

# भारत ने मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में चीन को पीछे छोड़ा, पीएमआई बढ़कर 57.5 पाइंट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मैन्युफैक्चरिंग पर इतराने वाला चीन अब इसमें काफी पीछे हो गया है। एक तरफ जहां चीन की अर्थव्यवस्था ग्रोथ काफी धीमी है वहीं भारत को अच्छी खबर मिली है। एचएसबीसी के ताजा आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर में भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में तेजी आई है। भारत ने इस मामले में चीन को पीछे छोड़ दिया है।

- तेजी का कारण विदेशी मांग बढ़ना

इस तेजी का कारण विदेशी मांग है। दुनिया के कई देशों से भारत को न केवल नए ऑर्डर मिले बल्कि बिक्री में भी तेजी आई। इस कारण अक्टूबर में नौकरियों की संख्या भी बढ़ गई। अक्टूबर में भारत को एशिया, यूरोप, लैटिन अमेरिका और अमेरिका से ज्यादा ऑर्डर मिले, जिस कारण मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में तेजी देखी गई।

## एचएसबीसी ने जारी किए ताजा आंकड़े

### भारत में बनी चीजों की बढ़ी मांग

पिछले कुछ समय में भारत में बनी चीजों की दुनियाभर में मांग बढ़ी है। कई विदेशी कंपनियों ने काफी संख्या में ऑर्डर बुक किए हैं। जितने औसतन ऑर्डर पिछले 20 साल में मिले हैं, मौजूदा दौर में ऑर्डर की संख्या उससे ज्यादा हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नए प्रोडक्ट की शुरुआत और सफल मार्केटिंग ने चीजों की बिक्री बढ़ाने में मदद की है।



### कर्मचारियों की संख्या बढ़ी

मांग बढ़ने से कर्मचारियों की संख्या में भी तेजी आई है। यानी रोजगार के अवसर बढ़े हैं। डेटा के मुताबिक मैन्युफैक्चरर्स ने अक्टूबर में अतिरिक्त कर्मचारियों को जॉब दी। यह संख्या सितंबर में रखे गए नए कर्मचारियों के मुकाबले ज्यादा थी। अक्टूबर का डेटा कलेक्शन करीब 20 वर्षों में सबसे अधिक रहा। एचएसबीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय मैन्युफैक्चरर्स भविष्य के प्रोडक्शन की मात्रा के बारे में अधिक आशावादी हो गए हैं।

### परिचालन स्थिति में सुधार

एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) अक्टूबर में बढ़कर 57.5 पॉइंट हो गया। यह सितंबर में 56.5 पॉइंट था जो आठ महीने का निचला स्तर था। पीएमआई बढ़ने से पता चलता है कि परिचालन स्थितियों में काफी सुधार आ रहा है। वहीं दूसरी ओर चीन की पीएमआई 50.30 पॉइंट है। हालांकि अक्टूबर में चीन के पीएमआई में भी कुछ तेजी आई है। लेकिन कुल पॉइंट में यह भारत से पीछे रह गया है।

---

## खबर संक्षेप

### हीरो मोटोकॉर्प की 'त्योहारी सीजन' बिक्री 13 फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प की इस साल त्योहारों के दौरान बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 15.98 लाख इकाई हो गई। कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा, 32 दिन के 'त्योहारी सीजन' में उसने अपनी सर्वाधिक खुदरा बिक्री दर्ज की है। यह अवधि नवरात्रि से शुरू हुई थी।

### एक्मे सोलर का आईपीओ छह नवंबर को खुलेगा



**नई दिल्ली।** अक्षय ऊर्जा कंपनी एक्मे सोलर (एसीएमई सोलर) होल्डिंग्स लिमिटेड ने 2,900 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 275-289 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। कंपनी का आईपीओ छह नवंबर को खुलेगा और आठ नवंबर को बंद होगा।

### एफकॉन्स इन्फ्रा का शेयर पहले दिन दो फीसदी चढ़ा




**नई दिल्ली।** शापूरजी पालोनजी समूह की प्रमुख बुनियादी ढांचा इंजीनियरिंग व निर्माण कंपनी एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के शेयर ने सोमवार को बाजार में खराब शुरुआत की। हालांकि कारोबार के अंत में यह अपने निर्गम मूल्य 463 रुपये से दो प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुआ।

### अशोक लेलैंड की कुल बिक्री अक्टूबर में नौ प्रतिशत गिरी



**मुंबई।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता एवं हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लेलैंड की अक्टूबर में कुल वाहन बिक्री नौ प्रतिशत घटकर 15,310 इकाई रह गई। कंपनी ने पिछले वर्ष इसी अवधि में कुल 16,864 वाहन बेचे थे। अशोक लेलैंड ने सोमवार को कहा, निर्यात सहित कुल मध्यम एवं भारी वाणिज्यिक वाहन की बिक्री पिछले महीने 9,408 वाहन रही।

### एक्साइड इंडस्ट्रीज का शुद्ध लाभ 13.66 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** बैटरी बनाने वाली कंपनी एक्साइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 13.66 प्रतिशत घटकर 233.4 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 270.32 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

### निवा बूपा के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा तय

**नई दिल्ली।** निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने 2,200 करोड़ रुपये के अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 70-74 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। इसका पहले नाम मैक्स बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी था। कंपनी ने घोषणा की कि आईपीओ सात नवंबर को खुलेगा और 11 नवंबर को बंद होगा। एंकर (बड़े) निवेशक छह नवंबर को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ 800 करोड़ रुपये के नए शेयर और प्रवर्तकों द्वारा 1,400 करोड़ रुपये तक की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है।

---

### अपनी संपत्ति का एक निश्चित हिस्सा ही निवेश कर पाएंगे

# सेबी ने म्यूचुअल फंड कंपनियों को विदेशी कोषों में निवेश की सशर्त मंजूरी दी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने म्यूचुअल फंड कंपनियों (एमएफ) को उन विदेशी म्यूचुअल फंड या यूनिट ट्रस्ट में निवेश की सोमवार को अनुमति दे दी जो अपनी संपत्ति का एक निश्चित हिस्सा भारतीय प्रतिभूतियों में निवेश करते हैं।

यह छूट इस शर्त पर दी गई है कि ऐसे विदेशी कोषों का भारतीय प्रतिभूतियों में कुल निवेश उनकी शुद्ध संपत्ति के 25 प्रतिशत से अधिक न हो। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने एक परिपत्र में कहा कि इस कदम का उद्देश्य विदेशी एमएफ/यूनिट ट्रस्ट में निवेश को सरल बनाना, निवेश के तरीके में पारदर्शिता लाना और एमएफ को अपने विदेशी निवेश में विविधता लाने में सक्षम बनाना है।

### नया ढांचा तत्काल प्रभाव से होगा लागू

सेबी ने कहा कि नया ढांचा तत्काल प्रभाव से लागू किया जाएगा। परिपत्र के मुताबिक, एमएफ योजनाओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि विदेशी एमएफ/ यूनिट ट्रस्ट में सभी निवेशकों के अंशदान को किसी सहयोगी इकाई के बगैर एकल निवेश साधन में ही शामिल कर दिया जाए।

## सेबी ने परिपत्र जारी कर दी जानकारी

*समझौतों पर रोक लगाई गई : विदेशी एमएफ/ यूनिट ट्रस्ट का कोष इस तरह का होना चाहिए जिसमें कोई अलग-अलग पोर्टफोलियो न हों ताकि यह सुनिश्चित हो कि सभी निवेशकों के पास फंड में समान और आनुपातिक अधिकार हों। बाजार नियामक ने हितों के टकराव को रोकने के लिए भारतीय म्यूचुअल फंड और अंतर्निहित विदेशी म्यूचुअल फंड के बीच सलाहकार समझौतों पर रोक लगा दी है।*




- कुल निवेश उनकी शुद्ध संपत्ति के 25 फीसदी से अधिक न हो
- सेबी ने यह कदम निवेश के तरीकों में पारदर्शिता लाने की

### यूनिट ट्रस्ट में भी निवेश कर सकती है

सेबी ने अपने परिपत्र में कहा, ''भारतीय म्यूचुअल फंड योजनाएं उन विदेशी एमएफ/ यूनिट ट्रस्ट में भी निवेश कर सकती हैं जिनका भारतीय प्रतिभूतियों में निवेश है। इसके लिए शर्त बस यह है कि इन विदेशी एमएफ/यूनिट ट्रस्ट का भारतीय प्रतिभूतियों में कुल निवेश उनकी परिसंपत्तियों के 25 प्रतिशत से अधिक न हो।''

### निवेशकों को सेबी ने किया आगाह

सेबी ने निवेशकों को ऑनलाइन कारोबार (ट्रेडिंग) या 'गेमिंग' मंच के जरिये लेन-देन करने को लेकर सोमवार को आगाह किया और उन्हें केवल पंजीकृत मध्यस्थों के माध्यम से कारोबार करने को सुझाव दिया। सेबी ने कुछ ऐप/वेब एप्लिकेशन/मंचों द्वारा सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर मूल्य डेटा के आधार पर जनता को संज्ञान लेने के बाद यह परामर्श वक्तव्य जारी किया है।

### सेबी के नियमों का उल्लंघन है

नियामक ने कहा, ऐसी गतिविधियां निवेशकों की सुरक्षा के लिए बनाए गए प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) अधिनियम 1956 और सेबी अधिनियम 1992 का उल्लंघन हैं। दोहराया कि जनता केवल पंजीकृत मध्यस्थों के माध्यम से ही प्रतिभूति बाजारों में निवेश कर सकती है तथा व्यापारिक गतिविधियां कर सकती है।

### निवेशक इसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगा

इसमें कहा गया, '' गोपनीय तथा व्यक्तिगत लेन-देन डेटा को साझा करने सहित अनधिकृत योजनाओं में संलिप्तता, उससे होने वाला नुकसान तथा उसके परिणाम के लिए निवेशक स्वयं जिम्मेदार है क्योंकि ऐसी योजनाएं/मंच सेबी के साथ पंजीकृत नहीं हैं।'' निवेशकों को सचेत करते हुए सेबी ने उनसे कहा कि वे गैर-पंजीकृत मध्यस्थों/वेब एप्लिकेशन/मंच/ऐप के माध्यम से निवेश या कारोबारी गतिविधियां न करें।

### निवेशकों को संरक्षण नहीं मिलेगा

इसमें कहा गया है कि ऐसी गतिविधियों से संबंधित किसी भी प्रकार के विवाद के लिए निवेशकों को सेबी या शेयर बाजार के अधिकार क्षेत्र के तहत निवेशक संरक्षण नहीं मिलेगा जिसमें 'स्कोर्स' भी शामिल हैं। ऑनलाइन विवाद समाधान तंत्र जैसी व्यवस्थाएं भी उनके लिए उपलब्ध नहीं होंगी।

---

# सोना रिकॉर्ड स्तर से नीचे फिसला, चांदी में 4,600 रुपए की गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- स्टॉकिस्टों और फुटकर विक्रेताओं की रही ताजा बिकवाली
- सोना 1300 रुपए लुढ़कर 81,100 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई

दीपावली के ठीक बाद राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को स्टॉकिस्टों और फुटकर विक्रेताओं की ताजा बिकवाली के कारण सोना अपनी रिकॉर्ड ऊंचाई से फिसलता नजर आया और इसकी कीमत 1,300 रुपये लुढ़ककर 81,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, बृहस्पतिवार को दिल्ली में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 82,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने नये शीर्ष स्तर पर अपरिवर्तित बना रहा। चांदी की कीमत भी बिकवाली के दबाव में रही और यह 95,000 से नीचे आ गई। चांदी 4,600 रुपये की जोरदार गिरावट के साथ 94,900 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में बृहस्पतिवार को यह 99,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की सुस्त मांग के कारण सोने की कीमतों पर असर पड़ा। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,300 रुपये घटकर 80,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। बृहस्पतिवार को पिछले सत्र में यह 82,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी, जो इसका अबतक का उच्चतम स्तर है। एलकेपी सिक्योरिटीज में उपाध्यक्ष, शोध विश्लेषक जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला क्योंकि कॉमेक्स पर सोने को 2,730 डॉलर के आसपास समर्थन मिला, लेकिन 2,750 डॉलर से ऊपर जाने में संघर्ष करना पड़ा।

### कॉमेक्स में सोना वायदा बढ़कर ट्रेड

वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना वायदा 0.13 प्रतिशत या 3.6 डॉलर प्रति औंस बढ़कर 2,752.80 डॉलर प्रति औंस हो गया। दूसरी ओर, एशियाई बाजार में कॉमेक्स चांदी वायदा 0.78 प्रतिशत बढ़कर 32.94 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

---

# मारुति का यूटिलिटी वाहनों का उत्पादन 33 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- अक्टूबर में यात्री कार उत्पादन 16 प्रतिशत घटा
- छोटे यात्री कारों के उत्पादन में आई गिरावट

देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने अक्टूबर में अपने यात्री कार उत्पादन में 16 प्रतिशत की कटौती की है। हालांकि, इस दौरान कंपनी के यूटिलिटी वाहनों का उत्पादन 33 प्रतिशत बढ़ा है।

मारुति सुजुकी इंडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि पिछले महीने उसका यात्री कारों का उत्पादन 89,174 इकाई रहा जो अक्टूबर, 2023 के 1,06,190 इकाई के आंकड़े से 16 प्रतिशत कम है। दूसरी ओर, ब्रेजा, एर्टिगा, फ्रोंक्स, जिम्नी, एक्सएल6 और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर को आपूर्ति किए जाने वाले यूटिलिटी वाहनों का उत्पादन 33.18 प्रतिशत बढ़कर 72,339 इकाई हो गया, जो एक साल पहले इसी महीने में 54,316 इकाई था। ऑल्टो तथा एस-प्रेसो सहित छोटी कारों का उत्पादन पिछले महीने घटकर 12,787 इकाई रह गया, जबकि अक्टूबर, 2023 में यह 14,073 इकाई था। इसी तरह कॉम्पैक्ट कार बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट, वैगनआर और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर को आपूर्ति की जाने वाली कारों का उत्पादन पिछले साल के इसी महीने के 90,783 इकाई के आंकड़े से घटकर 75,007 इकाई रह गया। कंपनी ने बताया कि मध्यम आकार की सेडान सियाज का उत्पादन पिछले महीने मामूली रूप से बढ़कर 1,380 इकाई हो गया, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 1,334 इकाई था। यात्री वाहनों का कुल उत्पादन अक्टूबर, 2023 में 1,73,230 इकाइयों की तुलना में मामूली रूप से बढ़कर 1,73,662 इकाई रहा।

*हल्के वाणिज्यिक वाहनों का उत्पादन बढ़ा : कंपनी ने कहा कि यात्री वाहनों और हल्के वाणिज्यिक वाहनों सहित कुल वाहन उत्पादन पिछले महीने बढ़कर 1,77,312 इकाई हो गया, जो अक्टूबर, 2023 में 1,76,437 इकाई था।*

---

## बजाज ऑटो की वाहन बिक्री में दो फीसदी का इजाफा ...



**मुंबई।** वाहन विनिर्माता बजाज ऑटो की वाणिज्यिक वाहनों तथा निर्यात सहित कुल वाहन बिक्री अक्टूबर में दो प्रतिशत बढ़कर 4,79,707 इकाई हो गई, जो 2023 के इसी महीने में 4,71,188 इकाई थी। बजाज ऑटो लिमिटेड ने कहा, समीक्षाधीन महीने में कुल घरेलू बिक्री आठ प्रतिशत घटकर 3,03,831 इकाई रह गई, जबकि 2023 के इसी महीने में 3,29,618 वाहन बिके थे। निर्यात 24 प्रतिशत बढ़कर 1,75,876 इकाई रहा, जो एक साल पहले समान अवधि 1,41,570 इकाई था। हालांकि, समीक्षाधीन महीने में कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 4,14,372 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में 4,08,144 दोपहिया वाहन बिके थे। कंपनी ने कहा, इसमें से घरेलू दोपहिया वाहनों की बिक्री 2,55,909 इकाई रही जो अक्टूबर 2023 में बेची गई 2,78,468 इकाइयों से आठ प्रतिशत कम है।

---

# रिलायंस का शेयर तीन फीसदी टूटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- बाजार पूंजीकरण 50,205 करोड़ रुपए घटा

बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की अग्रणी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) का शेयर सोमवार को भारी बिकवाली के बीच करीब तीन प्रतिशत तक लुढ़क गया।

इस बिकवाली के असर में आरआईएल के मूल्यांकन में 50,205 करोड़ रुपये की बड़ी गिरावट आई। रिलायंस का शेयर बीएसई पर 2.77 प्रतिशत गिरकर 1,302 रुपये के भाव पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय इसका शेयर चार प्रतिशत तक लुढ़क गया था। एनएसई पर रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 2.72 प्रतिशत गिरावट के साथ 1,302.15 रुपये के भाव पर बंद हुआ।

*रिलायंस व बैंक शेयरों की जोरदार पिटाई बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स रिलायंस और बैंकों के शेयरों में जबर्दस्त बिकवाली के असर में 941.88 अंक यानी 1.18 प्रतिशत गिरकर तीन माह के निचले स्तर 78,782.24 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी 309 अंक यानी 1.27 प्रतिशत गिरकर 23,995.35 अंक पर बंद हुआ।*

---

# दफ्तर में काम करने वाले लोगों की नियुक्तियां 10 फीसदी बढ़ी

- नौकरी जॉबस्पीक इंडेक्स ने जारी की रिपोर्ट
- तेल व गैस, औषधि व एफएमसीजी में नियुक्तियां बढ़ी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दफ्तर में काम करने वाले लोगों की नियुक्ति में अक्टूबर में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई। तेल एवं गैस, औषधि, रोजमर्रा के घरेलू उत्पाद बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) जैसे क्षेत्रों में नियुक्तियों में बढ़ोतरी इसकी मुख्य वजह रही। भारत में कार्यालयों में कार्यरत लोगों (व्हाइट-कॉलर हायरिंग) की नियुक्ति वाला अग्रणी संकेतक 'नौकरी जॉबस्पीक इंडेक्स' अक्टूबर, 2023 के 2,484 अंक से 10 प्रतिशत बढ़कर पिछले महीने 2,733 अंक तक पहुंच गया।



### दक्षिणी राज्यों में सबसे अधिक भर्तियां

यह नौकरी डॉट कॉम के 'रिज्यूम डेटाबेस' पर कंपनियों द्वारा सूचीबद्ध की गई नई नौकरियों और खोजी गई नौकरियों पर आधारित है। इसमें कहा गया है कि राज्यों की बात करें, तो दक्षिणी राज्यों में सबसे अधिक भर्तियां की गई। तमिलनाडु 24 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ सबसे मजबूत प्रदर्शन करने वाला राज्य रहा। इसमें बाद 16 प्रतिशत के साथ तेलंगाना, 12 प्रतिशत के साथ कर्नाटक, नौ प्रतिशत के आंध्र प्रदेश और सात प्रतिशत के साथ केरल का स्थान रहा।

---

# हायर जल्द जेएसडब्ल्यू के साथ मिलकर संयुक्त उद्यम लगाएगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- योजना पर 1000 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित
- हायर चीन की प्रमुख उपकरण विनिर्माता कंपनी

चीन की एक प्रमुख उपकरण विनिर्माता कंपनी हायर ग्रुप ने भारत के जेएसडब्ल्यू ग्रुप के साथ एक संयुक्त उद्यम स्थापित करने की योजना बनाई है, जिसमें 1,000 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, हायर ग्रुप का यह प्रस्ताव मंजूरी के लिए सरकार को सौंप दिया गया है। वर्ष 2020 के प्रेस नोट तीन के तहत भारत के साथ जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों की सभी कंपनियों को सरकारी अनुमोदन लेना जरूरी होता है।

भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देश चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्यांमा और अफगानिस्तान हैं। सूत्र ने कहा कि हायर ग्रुप के इस प्रस्ताव को उस समिति के समक्ष रखा गया था जो ऐसे आवेदनों की जांच करती है। प्रेस नोट के तहत आवेदनों पर विचार करने के लिए गृह सचिव की अध्यक्षता में एक अंतर-मंत्रालयी समिति गठित की गई है।

*हायर अपनी विनिर्माण क्षमता का विस्तार कर रही : इस अनुषंगी की स्थापना 2003 में हुई थी। यह घरेलू उपकरणों और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार के अग्रणी ब्रांड में से एक है और पुणे एवं ग्रेटर नोएडा में दो विनिर्माण संयंत्र संचालित करती है। हायर इंडिया का कारोबार 8,000 करोड़ रुपये से अधिक का है। यह अपने किफायती विकल्पों के साथ ग्रामीण एवं छोटे शहरों और शहरी बाजारों से भारतीय मध्यम वर्ग से उपकरणों की बढ़ती मांग पूरा करने के लिए लगातार अपनी विनिर्माण क्षमता का विस्तार कर रही है।*

---

### निवेशकों द्वारा पिछले पांच वर्षों से किया जा रहा इंतजार

# वर्ष 2025 में आ सकता है रिलायंस जियो का आईपीओ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रिलायंस जियो इंफोकॉम के आईपीओ का इंतजार कर रहे निवेशकों के लिए बड़ी खबर है। रिलायंस जियो इंफोकॉम का आईपीओ साल 2025 में आ सकता है। भारत और एशिया के सबसे धनवान शख्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी अपनी टेलीकम्यूनिकेशन कंपनी रिलायंस जियो का इनीशियल पब्लिक ऑफर अगले साल यानी 2025 में ला सकते हैं। रिलायंस जियो की मार्केट वैल्यू 8.4 लाख करोड़ रुपए या 100 बिलियन डॉलर के आसपास हो सकती है। जब इसका आईपीओ आएगा तो ये भारत का सबसे बड़ा आईपीओ होगा।

रिलायंस जियो के पास करीब 47.9 करोड़ सब्सक्राइबर्स हैं और ये भारत की सबसे ज्यादा ग्राहकों वाली टेलीकॉम कंपनी है। कंपनी की मुख्य प्रतिस्पर्धा भारती एयरटेल के साथ होती है।

## जियो की मार्केट वैल्यू 8.4 लाख करोड़ रुपए

### इन तरीको से आ सकता है आईपीओ

एक रिपोर्ट के मुताबिक रिलायंस जियो का आईपीओ दो तरीकों से आ सकता है। इसमें पहले तरीके के तहत रिलायंस जियो को स्पिन-ऑफ के जरिए रिलायंस इंडस्ट्रीज से अलग किए जाने के बाद प्राइस डिस्कवरी सिस्टम के तहत शेयर बाजार में लिस्ट कराया जा सकता है। वहीं दूसरे तरीके में पूरा आईपीओ ऑफर-फॉर-सेल हो सकता है और इसमें माइनॉरिटी शेयरहोल्डर्स अपना स्टेक यानी हिस्सा रिलायंस जियो से बेच सकते हैं। रिलायंस जियो 47.9 करोड़ सब्सक्राइबर्स के साथ आईपीओ रूट पर बढ़ेगी।




*जियो का 2019 में हुआ था ऐलान : भारत में टेलीफोन, ब्रॉडबैंड सर्विसेज और डिजिटल सर्विसेज दिलाने वाली सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस जियो इंफोकॉम के आईपीओ का इंतजार निवेशक 5 सालों से कर रहे हैं। दरअसल मुकेश अंबानी ने साल 2019 में रिलायंस इंडस्ट्रीज की एनुएल जनरल मीटिंग में ऐलान किया था कि अगले 5 साल में वो अपनी टेलीकम्यूनिकेशन कंपनी और रिटेल कंपनी को शेयर बाजार में लिस्ट कराने का इरादा रखते हैं।*

### रिलायंस रिटेल वेंचर्स के आईपीओ की तारीख बढ़ सकती है

रिलायंस जियो के आईपीओ के साथ ही साथ रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड का आईपीओ भी आएगा-ऐसा इंतजार था। हालांकि रिलायंस रिटेल का आईपीओ रिलायंस जियो के साथ नहीं बल्कि इसके अगले साल आ सकता है। दरअसल रिलायंस रिटेल के कुछ चुनिंदा ऑपरेशनल मुद्दों के निपटने के बाद इसका आईपीओ भारतीय बाजार में दस्तक देगा।

---

## वेलस्पन कॉर्प को अमेरिका में पाइप आपूर्ति का ठेका



**नई दिल्ली।** घरेलू कंपनी वेलस्पन कॉरपोरेशन लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) को अमेरिका में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजनाओं के वास्ते विशेष पाइप की आपूर्ति के लिए 1,300 करोड़ रुपये के दो नए ठेके मिले हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, उसका लक्ष्य वित्त वर्ष 2025-26 में हेलिकल सबमर्ज्ड आर्क वेल्डेड (एचएसएडब्ल्यू) पाइप के ठेके को निष्पादित करना है। डब्ल्यूसीएल ने कहा, '' अमेरिका के बाजार के लिए हमारा दृष्टिकोण बेहद सकारात्मक बना हुआ है। हमने कुछ और परियोजनाओं में भी भाग लिया है और एक-दो अतिरिक्त बड़ी परियोजनाओं में भी हमारी स्थिति अनुकूल है।

# ट्रूडो मूर्ख हैं, खालिस्तानियों को भी इनकी शह, अपने ही देश में सिख उग्रवाद को दे रहे बढ़ावा



खालिस्तान समर्थकों ने कनाडा के ब्रैम्पटन में मंदिर के बाहर हिंदुओं को निशाना बनाया और उनकी पिटाई तक की। इसे लेकर कनाडा में पीएम जस्टिन ट्रूडो का विरोध शुरू हो गया है। भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद थानेदार ने कनाडा सरकार की आलोचना की है।

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा के मंदिर में हिंदुओं पर हुए हमले के बाद बवाल मचा है। खालिस्तान समर्थकों ने ब्रैम्पटन में मंदिर के बाहर हिंदुओं को निशाना बनाया और उनकी पिटाई तक की। यहां तक आरोप हैं कि कनाडाई पुलिस ने भी हिंदुओं से हाथापाई की।

इस बीच कनाडा में ही पीएम जस्टिन ट्रूडो का विरोध शुरू हो गया है। ब्रिटिश कोलंबिया के पूर्व एनडीपी प्रीमियर और लिबरल प्रधानमंत्री पॉल मार्टिन के पूर्व कैबिनेट मंत्री उज्ज्वल दोसांझ ने ट्रूडो पर बड़ा हमला किया है। दोसांझ ने कहा कि ट्रूडो मूर्ख हैं और उन्होंने ही कनाडा में सिख उग्रवाद को बढ़ावा दिया है।

पूजा स्थलों पर विरोध प्रदर्शनों के संबंध में मेयर प्रस्ताव लाएंगे

कनाडाई नेताओं सहित विभिन्न समुदाय ने हमले की निंदा की



पूर्व मंत्री ने उड़ाई कनाडा के पीएम की धज्जियां

### पूजा स्थल सुरक्षित होने चाहिए



हमले को लेकर मेयर पैट्रिक ब्राउन ने निराशा जताई है। उन्होंने कहा कि वह शहर में पूजा स्थलों पर हो रहे विरोध प्रदर्शनों पर रोक लगाने के लिए नगर परिषद में प्रस्ताव लेकर आएंगे। उन्होंने सिटी सॉलिसिटर से नगर परिषद की अगली बैठक में प्रस्ताव को लेकर कानून की वैधता पर विचार करने के लिए कहा है। ब्रैम्पटन के मेयर पैट्रिक ब्राउन ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि पूजा स्थल सुरक्षित होने चाहिए। मैनें सिटी सॉलिसिटर को इसे लेकर उप कानून की वैधता पर विचार करने के लिए कहा है।

### सिखों का बड़ा तबका शांत

सिख नेता उज्ज्वल ने कहा कि सिखों का एक बड़ा तबका शांत है और उन्हें खालिस्तान से कोई लेना-देना नहीं है। वो सिर्फ इसलिए नहीं बोलते क्योंकि उन्हें हिंसा का डर है। उन्होंने कहा कि पंजाब में एक अलग सिख देश की मांग 1930 के दशक से उठी थी और 1970 और 1980 के बीच इसे हवा भी मिली, लेकिन वो धीरे-धीरे शांत हो गई। अब यही स्थिति कनाडा में है और खालिस्तान समर्थकों को शह दी जा रही है।

### कनाडाई नेताओं ने हमले की निंदा की



कनाडाई सांसद चंद्र आर्य सहित कुछ भारतीय-कनाडाई नेताओं ने आरोप लगाया है कि हिंदू सभा मंदिर में हुई हिंसा के पीछे खालिस्तानी चरमपंथियों का हाथ था। वायरल हुए कुछ वीडियो में मंदिर में भक्तों पर हमला करते हुए एक समूह दिखाई दे रहा है। आर्य ने कहा कि कनाडाई खालिस्तानी चरमपंथियों ने एक लाल रेखा पार कर ली है। खालिस्तानियों द्वारा किया गया हमला दिखाता है कि कनाडा में खालिस्तानी उग्रवाद कितना ज्यादा फैल गया है।

### भारतीय-अमेरिकी सांसद का ट्रूडो पर निशाना
### हिंदुओं पर हमला साफ तौर पर आतंकी घटना



भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद थानेदार ने कनाडा के पीएम ट्रूडो पर निशाना साधते हुए कहा कि कनाडा सरकार हिंदू समुदाय की सुरक्षा करने में विफल रही है, जबकि वहां हिंदू समुदाय को निशाना बनाने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। कनाडा सरकार इस मुद्दे पर राजनीति कर रही है। वे एक खास वर्ग को खुश करने की कोशिश कर रहे हैं। हिंदुओं पर हमला साफ तौर पर आतंकी घटना है। कनाडा सरकार को इन आतंकी गतिविधियों से लोगों की सुरक्षा करनी चाहिए।



### 'बंटोगे तो कटोगे', अब कनाडा में गूंजा नारा

कनाडा में मौजूद हिंदू समुदाय के लोग एकजुट होकर इस हिंसा का विरोध कर रहे हैं। हिंदुओं ने वहां एकजुट होकर 'सबको एक होना पड़ेगा' और 'बंटेंगे तो कटेंगे' जैसे नारे लगाए गए। ब्रैम्पटन मंदिर के पुजारी ने हिंदू समुदाय से एकजुट होकर रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हम सभी लोगों को एक रहने की जरूरत है। हम एकजुट रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे। वहीं, मंदिर परिसर में मौजूद लोगों ने 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। पुजारी ने कहा कि यह हमला सिर्फ हिंदू सभा पर नहीं है, बल्कि दुनिया के हिंदुओं पर हमला है। हम किसी का विरोध नहीं करते।

## खबर संक्षेप

### पोलैंड का पैराग्लाइडर कांगड़ा इलाके में फंसा



**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में बीच हवा में अन्य पैराग्लाइडर से टक्कर के बाद पोलैंड का एक पैराग्लाइडर पर्वतीय इलाके में फंस गया है। पैराग्लाइडर को बचाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने बताया कि कांगड़ा जिले के 'बीर बिलिंग' में पैराग्लाइडिंग विश्व कप 2024 में भाग ले रहे एक ऑस्ट्रेलियाई पैराग्लाइडर डेविड स्नोडेन को पैर में मोच आने के बाद प्रतियोगिता से बाहर होना पड़ा।

### डब्ल्यूएचओ ने टीबी मामलों में भारत की सराहना की



**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत में टीबी रोगियों की संख्या में ऐतिहासिक कमी आने पर सराहना की है। डब्ल्यूएचओ ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत में 2015 के मुकाबले 2023 में टीबी के मामलों में 17.7 फीसदी की कमी दर्ज की गई है। ऐसी प्रगति अब तक किसी अन्य देश में देखने को नहीं मिली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2023 में, भारत में 27 लाख टीबी के मरीज थे, जिनमें से 25.1 लाख लोगों का इलाज किया गया।

### ज्वालामुखी विस्फोट से 10 लोगों की मौत



**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पूर्वी द्वीप फ्लोर्स में सोमवार को माउंट लियोटोबी लाकी-लाकी ज्वालामुखी में विस्फोट में 10 लोगों की मौत हो गई। ज्वालामुखी में रविवार को करीब 24 मिनट तक विस्फोट हुआ। इसके बाद यह रातभर कई बार फटा और सुबह करीब 6 बजे 300 मीटर की ऊंचाई तक राख का गुबार उठता नजर आया। विस्फोट से दर्जनों भूकंप भी आए। ज्वालामुखी फटने से 7 गांवों में रह रहे 10 हजार लोगों को नुकसान हुआ है।

### स्पेन के राजा-रानी पर लोगों ने कीचड़ फेंका



**मैड्रिड।** स्पेन में बाढ़ प्रभावित वेलेंसिया इलाके का दौरा करने गए किंग फिलिप और उनकी पत्नी क्वीन लेटिजिया पर लोगों ने कीचड़ फेंका। वहां मौजूद लोगों ने 'हत्यारे' और 'शर्म करो' के नारे भी लगाए। किंग फिलिप के साथ स्पेन के पीएम पेड्रो सांचेज भी मौजूद थे। लोग उनसे पूछ रहे थे कि बाढ़ को रोकने के लिए नेताओं ने पहले से कुछ क्यों नहीं किया। भीड़ को रोकने के लिए पुलिस को आगे आना पड़ा। हमले में सुरक्षा में तैनात दो गार्ड्स घायल हो गए।

## अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी

# कमला ने फिलिस्तिनियों के सम्मान की ली शपथ, ट्रंप बोले हैरिस के पास कोई दृष्टि नहीं

संयुक्त राज्य अमेरिका में आज राष्ट्रपति चुनाव होगा। डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी की ओर से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूरी ताकत झोंक दी है। दोनों ने मतदाताओं को अपने-अपने तरीके से अपने पाले में खींचने की कोशिश की।

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

संयुक्त राज्य अमेरिका में आज राष्ट्रपति चुनाव होगा। चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी की ओर से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूरी ताकत झोंक दी। दोनों ने मतदाताओं को अपने-अपने तरीके से अपने पाले में खींचने की कोशिश की। दोनों ही उम्मीदवार आखिरी कुछ घंटों में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है।

कमला हैरिस ने रविवार को मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी में रैली को संबोधित किया। उन्होंने मतदाताओं से एकता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने गाजा में युद्ध को समाप्त करने का वादा किया। गाजा में चल रहे युद्ध को समाप्त करने, बंधकों को वापस लाने और इजराइल की सुरक्षा तथा फिलिस्तीनी लोगों के सम्मान और आत्मनिर्णय के अधिकार को सुनिश्चित करने की शपथ ली।

उन्होंने अमेरिका में नेतृत्व की नई पीढ़ी की आवश्यकता पर भी जोर दिया। साथ ही उपराष्ट्रपति ने स्वास्थ्य सेवा की लागत कम करने, श्रमिकों और मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए करों में कटौती करने और आवास और बाल देखभाल को और अधिक किफायती बनाने का भी वादा किया। उन्होंने आगे जोर देकर कहा कि स्वास्थ्य सेवा एक अधिकार होनी चाहिए न कि केवल एक विशेषाधिकार।

ट्रंप ने कहा कमला का कहा सब झूठ

### न्यूयॉर्क का 42 ब्रॉड-वे चर्चा के केंद्र में

इस चुनाव में न्यूयॉर्क का 42 ब्रॉड-वे चर्चा के केंद्र में है। यहां निर्वाचन बोर्ड का दफ्तर है। पहले दिन करीब एक लाख 40 हजार लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। संयुक्त राज्य अमेरिका के विभिन्न प्रांतों में करोड़ों मतदाता वोट डाल चुके हैं।

### हैरिस ने करों में कटौती का किया वादा



### डोनाल्ड ट्रंप का हैरिस पर पलटवार

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उत्तरी कैरोलिना के किंस्टन में रैली की। इस दौरान कमला हैरिस पर निशाना साधते हुए कहा कि हैरिस के पास कोई दृष्टि, कोई विचार और कोई समाधान नहीं है। उन्होंने यह भी दावा किया कि अगर उपराष्ट्रपति निर्वाचित होती हैं, तो वह सीमा खोल देंगी, जिससे देश में प्रवासियों, गिरोहों और अपराधियों की आमद हो जाएगी। उन्होंने कहा कि कमला जो कुछ भी कहती हैं वह सब झूठ है। उनके पास कोई दृष्टि, कोई विचार और कोई समाधान नहीं है। वह केवल इतना ही कह सकती हैं कि डोनाल्ड ट्रंप ने यह किया, डोनाल्ड ट्रंप ने वो किया। अगर वह कभी जीतीं, तो वह पहले दिन ही सीमा खोल देंगी। मुझे नहीं पता क्यों, कोई नहीं जानता क्यों।' ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया की तुलना में मैकॉन की रैली में सर्वेक्षणों पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने जॉर्जिया की रैली में उत्तरी कैरोलिना में आए तूफान हेलेन के लिए संघीय सरकार की आलोचना की।

### अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव के मतपत्र में दिखेगी बंगाली

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में आज (5 नवंबर) को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में मतपत्र पर भी भारतीय भाषा भी नजर आएगी। मतपत्र पर भारत की भाषा के तौर पर बंगाली में उम्मीदवारों नाम लिखे होंगे। नगर नियोजन विभाग के मुताबिक न्यूयॉर्क में 200 से ज्यादा भाषाएं बोली जाती हैं, लेकिन चुनाव में अंग्रेजी के अलावा मतपत्र पर चार अन्य भाषाएं भी होंगी। इसमें बंगाली को शामिल किया गया है। अमेरिका के बोर्ड ऑफ इलेक्शन एनवाईसी के कार्यकारी निदेशक माइकल जे रयान ने बताया कि मतपत्र पर अंग्रेजी के अलावा चार अन्य भाषाएं भी होंगी। इसमें चीनी, स्पेनिश, कोरियाई और बंगाली शामिल है।



ब्रिस्बेन में जयशंकर ने गांधी को किया नमान

# नए भारतीय वाणिज्य दूतावास से संबंध होंगे और भी मजबूत

एजेंसी ▶▶ ब्रिस्बेन

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर फिलहाल पांच दिवसीय यात्रा पर ऑस्ट्रेलिया में हैं। उन्होंने सोमवार को ब्रिस्बेन के रोमा स्ट्रीट पार्कलैंड्स में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। साथ ही भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का औपचारिक उद्घाटन भी किया।

जयशंकर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि गांधी के आदर्श दुनिया भर में गूंजते रहते हैं। उन्होंने एक्स पर कहा कि सुबह ब्रिस्बेन के रोमा स्ट्रीट पार्कलैंड्स में महात्मा गांधी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शांति और सद्भाव का उनका संदेश दुनिया भर में गूंजता है।



### प्रवासियों की सेवा में योगदान देगा

उन्होंने तस्वीरें साझा करते हुए एक्स पर कहा कि ब्रिस्बेन में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का औपचारिक रूप से उद्घाटन करते हुए मुझे खुशी हो रही है। यह क्वींसलैंड राज्य के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने, व्यापार को बढ़ावा देने, शैक्षिक संबंधों को बढ़ावा देने और प्रवासी समुदाय की सेवा करने में योगदान देगा। उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए क्वींसलैंड की राज्यपाल महामहिम डॉ. जीनेट यंग और मंत्रियों रोस बेट्स और फियोना सिम्पसन को धन्यवाद।

## भारत-वियतनाम का संयुक्त सैन्य अभ्यास

# द्विपक्षीय संबंध होंगे मजबूत सर्वोत्तम प्रथाएं साझा करेंगे

एजेंसी ▶▶ अंबाला




भारतीय और वियतनाम सेना का द्विपक्षीय अभ्यास 'विनबैक्स' सोमवार से हरियाणा के अंबाला में शुरू हुआ। अभ्यास का यह 5वां संस्करण 23 नवंबर तक अंबाला के चंडीमंदिर में होगा। दोनों देशों के बीच पिछले साल यह सैन्य अभ्यास वियतनाम में हुआ था। रक्षा मंत्रालय के अनुसार अभ्यास के इस संस्करण में दोनों देशों की सेनाओं और वायु सेनाओं के कर्मी पहली बार हिस्सा लेंगे। भारतीय सेना की टुकड़ी में 47 कर्मी हैं, जिसका प्रतिनिधित्व कोर ऑफ इंजीनियर्स की एक रेजिमेंट के साथ-साथ अन्य शाखाओं और सेवाओं के कर्मी कर रहे हैं। समान क्षमता वाली वियतनामी टुकड़ी का प्रतिनिधित्व वियतनाम पीपुल्स आर्मी के सैनिक करेंगे। इस अभ्यास का उद्देश्य

## अल्जीरिया की पहली यात्रा पर सीडीएस

# दोनों देश रक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाएंगे

एजेंसी ▶▶ अल्जीयर्स



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने रविवार को अल्जीरियाई केंद्रीय संग्रहालय का दौरा किया। इस संग्रहालय में उपनिवेशवाद के खिलाफ मुक्ति के लिए पीपुल्स नेशनल आर्मी के संघर्ष को सहेजा गया। सीडीएस चौहान इन दिनों भारत और अल्जीरिया के बीच द्विपक्षीय सैन्य सहयोग को मजबूत करने के लिए अल्जीरिया की अपनी पहली यात्रा पर हैं। यह दोनों देशों के द्विपक्षीय रक्षा संबंधों में एक महत्वपूर्ण कदम है। सीडीएस चौहान ने अल्जीरिया के सैन्य इतिहास के असाधारण प्रदर्शन की सराहना की। संग्रहालय में प्राचीन साम्राज्य न्यूमिडियन युग के अल्जीरियाई लड़ाकों से जुड़ी कई वस्तुओं, कपड़ों, हथियारों और अन्य अनूठी वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया है।

'द प्रेसिडेंट विद द पीपल' कार्यक्रम में बोलीं राष्ट्रपति

# बड़ी संख्या में महिलाएं विमानन को करियर के रूप में चुन रहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि केंद्र सरकार के समावेशी प्रयासों से नागरिक उड्डयन क्षेत्र में महिलाओं की प्रगति को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि अब अधिक से अधिक महिलाएं विमानन को अपने करियर के रूप में चुन रही हैं। राष्ट्रपति मुर्मू आज राष्ट्रपति भवन में भारतीय विमानन क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं के एक समूह के साथ बातचीत कर रही थीं। यह बैठक 'द प्रेसिडेंट विद द पीपल' पहल के तहत हुई, जिसका उद्देश्य लोगों के साथ गहरा जुड़ाव स्थापित करना और उनके योगदान को मान्यता देना है।



### 15 प्रतिशत एयर ट्रैफिक कंट्रोलर महिलाएं

उन्होंने कहा कि भारत के नागरिक उड्डयन क्षेत्र में महिलाएं विभिन्न परिचालन और तकनीकी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि 15 प्रतिशत एयर ट्रैफिक कंट्रोलर महिलाएं हैं, 11 प्रतिशत फ्लाइट डिस्पैचर महिलाएं हैं और 9 प्रतिशत एयरोस्पेस इंजीनियर महिलाएं हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले साल वाणिज्यिक लाइसेंस प्राप्त करने वाली 18 प्रतिशत पायलट महिलाएं थीं।

## 6 साल बाद जम्मू-कश्मीर का पहला विधानसभा का सत्र

# अनुच्छेद 370 निरस्त करने के खिलाफ प्रस्ताव पर हंगामा

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

छह साल में पहली बार बुलाई गई जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विधायकों के बीच तीखी बहस देखने को मिली। सत्र की शुरुआत में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के विधायक वहीद पारा ने पूर्ववर्ती राज्य जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के खिलाफ एक प्रस्ताव पेश किया तथा पूर्ववर्ती राज्य को मिला विशेष दर्जा फिर से बहाल करने का आह्वान किया, जिसे लेकर सदन में खूब हंगामा हुआ। भाजपा के सभी 28 विधायकों ने अपने स्थानों पर खड़े हो कर विरोध जताया। भाजपा विधायक श्याम लाल शर्मा ने पारा पर विधानसभा नियमों का उल्लंघन कर प्रस्ताव लाने का आरोप लगाया और इसके लिए उन्हें निलंबित करने की मांग की।

पीडीपी) के विधायक वहीद पारा लेकर आए प्रस्ताव

भाजपा के सभी 28 विधायकों ने जताया विरोध





### अब्दुल राथर बने विधानसभा अध्यक्ष

जम्मू-कश्मीर विधानसभा के लिए नेशनल कांफ्रेंस के वरिष्ठ नेता और विधायक अब्दुल रहीम राथर को अध्यक्ष चुना गया है। सीएम उमर अब्दुल्ला और प्रोटेम स्पीकर मुबारक गुल ने नए विधानसभा स्पीकर अब्दुल रहीम राथर को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। 80 वर्षीय अब्दुल रहीम राथर चरार-ए-शरीफ सीट से सात बार के विधायक हैं। वह पहले भी जम्मू-कश्मीर की विधानसभा में अध्यक्ष का पद संभाल चुके हैं।

### राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए करेंगे प्रयास

विधानसभा में अपने पहले अभिभाषण में जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि उमर अब्दुल्ला सरकर राज्य का दर्जा और प्रदेश को मिली विभिन्न संवैधानिक गारंटी को बहाल करने की हर संभव कोशिश करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के दर्जे एवं संवैधानिक गारंटी की बहाली लोगों द्वारा लोकतांत्रिक संस्थानों में व्यक्त किये गये विश्वास का 'उचित प्रतिफल' होगी। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों की उम्मीदों और आकांक्षाओं को 'साकार करने के लिए पूरी तरह कमर कस चुकी है। यह आकांक्षा प्रबल बनी हुई है और पीएम नरेंद्र मोदी भी प्रतिबद्धता जता चुके हैं।

## चीन के साथ कई स्तरों पर हो रही वार्ता

# अब पूर्वी लद्दाख के बफर जोन में बढ़ी 'समाधान की उम्मीद'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय सेना अब लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) पर सतर्कता बनाए रखते हुए गश्त के तौर-तरीकों को परिभाषित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। भारत और चीन के अधिकारियों के बीच चल रही चर्चाओं का केंद्र महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बफर जोन समेत एलएसी पर टकराव वाले पॉइंट हैं। चर्चा से जुड़े एक सूत्र के मुताबिक, एलएसी पर टकराव वाले सभी पॉइंट के लिए बातचीत चल रही है। बचे हुए बफर जोन में गश्त के मुद्दे को सुलझाने के लिए कई स्तरों पर अभी-भी चर्चाएं चल रही हैं। कोर कमांडर स्तर की वार्ता के अगले दौर में इन बफर जोनों पर बातचीत को आगे बढ़ाने की उम्मीद है।

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने हाल ही में ब्रिस्बेन में कहा था कि भारत समझौते के बाद के घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रखे हुए है और आगे प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)